
शनिवार, 2 अगस्त 2025

**मौसम**



तापमान 28 – 32
आर्द्रता 94%
सूर्योदयः 5:08 सूर्यास्तः 18:16

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** इस दुनिया से, प्रकृति से हम उतना ही ले पाते हैं, जितने के हम पात्र हैं।



नितिन गडकरी ने साफ-साफ बोलने की वकालत की पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# भारत अमेरिका से एफ-35 फाइटर जेट नहीं खरीदेगा!

**पलटवार**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद भारत सरकार ने अमेरिकी स्टिल्थ फाइटर जेट एफ-35 खरीदने की किसी भी योजना से इन्कार कर दिया है। ब्लूमबर्ग ने भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। गोपनीयता की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार ने अमेरिका को बता दिया है कि वह एफ-35 समेत निकट भविष्य में उससे कोई भी बड़ी रक्षा खरीद नहीं करने जा रही है। इन अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत रक्षा खरीद में हथियारों के संयुक्त विकास, तकनीक के हस्तांतरण, भारत में निर्माण और आत्मनिर्भरता जैसी शर्तों को प्राथमिकता देता रहेगा। लंबे समय से अमेरिकी रक्षा अधिकारी यह संकेत देते रहे हैं कि इस वर्ष फरवरी में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच वार्ता में इन विमानों को खरीदे जाने की बात हुई थी। ट्रंप ने मीडिया के



सामने भी भारत को एफ-35 बेचने के प्रस्ताव की बात कही थी। लेकिन भारत ने कभी इसके लिए हामी नहीं भरी। उस समय दोनों देशों के बीच अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने और इसके लिए अमेरिका से बड़ी मात्रा में रक्षा खरीद की बात कही गई थी। इसी के तहत ट्रंप ने एफ-35 विमान भारत को बेचने का प्रस्ताव दिया था। भारत ने हाल के समय में अमेरिका से रक्षा खरीद बढ़ाई है और इनमें एमएच 60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर और पी-8आई समुद्री निगरानी विमान शामिल हैं। इसके बावजूद भारत ने अमेरिका से उच्च तकनीक वाली खरीद करने में तब तक अनिच्छा जताई जबतक भारत में निर्माण की शर्त न पूरी हो।

## भारत पर 25% टैरिफ अब एक सप्ताह के लिए टला

भारत पर 1 अगस्त से लगने वाला 25 प्रतिशत टैरिफ अब 7 अगस्त से लागू होगा। यानी इतने दिनों तक फिलहाल राहत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया कार्यकारी आदेश जारी किया है, जिसके तहत अमेरिका 69 देशों और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) पर आयात टैरिफ लगाएगा। यह आदेश गुरुवार देर रात पर हस्ताक्षरित हुआ और 7 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। जिन देशों का नाम इस सूची में नहीं है, उन पर 10 प्रतिशत की डिफॉल्ट टैरिफ दर लागू होगी। खबर के मुताबिक, ट्रंप की यह पहल पारस्परिक व्यापार संबंधों को मजबूत करने की उनकी रणनीति का हिस्सा है। कई देशों के टैरिफ दरों में काफी वृद्धि की गई है, जबकि कुछ देशों ने अंतिम समय पर हुए समझौतों के कारण भारी शुल्क से बचाव किया है।

## अमेरिका और रूस में जुबानी जंग हुई तेज, राष्ट्रपति ट्रंप ने तैनात कीं परमाणु पनडुब्बियां

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव के बीच तीखी जुबानी जंग छिड़ गई है। ट्रंप ने शुक्रवार को भड़काऊ बयान के जवाब में दो परमाणु पनडुब्बियों को उचित इलाकों में तैनात करने का आदेश दिया। दरअसल, मेदवेदेव ने ट्रंप पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि 'अगर रूस के एक पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्द अमेरिका के ताकतवर नेता को इतना डरा सकते हैं, तो रूस सही रास्ते पर है।' इसके जवाब में ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'शब्दों के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा।'

## उपराष्ट्रपति पद पर चुनाव नौ सितंबर को होगा : निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को चुनाव होगा। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आयोग के अनुसार उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अधिसूचना सात अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव का परिणाम मतदान के दिन नौ सितंबर को ही घोषित कर दिया जाएगा। उपराष्ट्रपति पद 21 जुलाई को निवर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हो गया था।

बुलंदशहर हिंसा मामले में 38 दोषियों में से पांच को आजीवन कारावास (पृष्ठ 7)

# एसआईआर प्रपत्र में पहचान के प्रमाण के रूप में आधार वैकल्पिक: केंद्र

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रपत्र में पहचान के प्रमाण के रूप में, मतदाताओं से आधार संख्या वैकल्पिक रूप से ली जाती है। इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधार नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहचान के प्रमाण के रूप में, एसआईआर गणना प्रपत्र में मतदाताओं से आधार संख्या वैकल्पिक रूप से ली जाती है। प्रसाद ने कहा, ''आधार 12 अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या है जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा निवासियों (ऐसे व्यक्ति जो पिछले 12 महीनों में 182 दिन या उससे अधिक समय तक भारत में रहे हों) या अनिवासी भारतीयों को उनके बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय डेटा के आधार पर जारी की जाती है।'' उन्होंने कहा कि आधार सरकारी सेवाओं और कल्याणकारी लाभों तक पहुंचने के लिए एक डिजिटल पहचान के रूप में कार्य करता है, जिसके लिए व्यय भारत की समेकित निधि या राज्यों की समेकित निधि से किया जाता है। आधार को विभिन्न क्षेत्रों में पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाता है, जिसमें सरकारी कल्याणकारी योजनाएं, बैंकिंग, दूरसंचार (सिम एक्टिवेशन के लिए), यात्रा बुकिंग और शैक्षणिक सेवाएं शामिल हैं, जहां यह कुशल प्रमाणीकरण में सहायता करता है। हालांकि, आधार नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं है।

# पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना रेप केस में दोषी करार, कोर्ट में फूट-फूटकर रो पड़े

- अदालत आज सुनाएगी सजा
- 26 गवाहों की ली गई गवाही



कर्नाटक के हासन से लोकसभा के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने दोषी ठहराया है। दरअसल रेवन्ना पर उसके फार्महाउस में काम करने वाली घरेलू नौकरानी से बलात्कार करने का आरोप था जिसको कोर्ट ने सही पाया है। इस मामले में कल कोर्ट सजा सुनाएगी।

दरअसल देश के पूर्व प्रधानमंत्री रहे एचडी देवगौड़ा का पोता और हासन का पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना अपनी नौकरानी के साथ बलात्कार तो करता ही था। उसके साथ ही पीड़िता नौकरानी ने उसके पिता एचडी रेवन्ना पर भी आरोप लगाया था। शिकायत दर्ज कराने वाली पीड़िता एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार थी। जब मामला सामने आया उस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे थे उसी दौरान सोशल मीडिया पर रेवन्ना के अश्लील वीडियो वायरल हुए थे। जिसमें वो पीड़िता का यौन शोषण करता नजर आया था। वायरल वीडियो के आधार पर कर्नाटक महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कराई थी।

# हमारे पास सबूत कि निर्वाचन आयोग 'वोट चोरी' में शामिल: राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि निर्वाचन आयोग 'वोट चोरी' में शामिल है और वह यह सब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास जो सबूत हैं वो 'एटम बम' की तरह हैं, जिसके फटने के बाद आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''मैंने बोला है कि वोट चोरी हो रही है। अब हमारे पास एकदम पुख्ता सबूत हैं कि निर्वाचन आयोग वोट चोरी में शामिल है। मैं हल्के-फुल्के अंदाज में नहीं बोल रहा हूं, मैं 100 प्रतिशत सबूत के साथ बोल रहा हूं।'' उन्होंने दावा किया, ''हम जैसे ही यह जारी करेंगे, पूरे देश को पता लग लग जाएगा कि आयोग वोट चोरी करा रहा है और यह भाजपा के लिए करा रहा है।'' राहुल गांधी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, ''मैं बड़ी गंभीरता से बोल रहा हूं कि निर्वाचन आयोग में जो भी यह काम कर रहे हैं, आपको हम छोड़ेंगे नहीं। आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, यह राष्ट्रद्रोह है। आप सेवानिवृत्त हो गए हों, या कहीं भी हों, आपको ढूंढ़कर निकालेंगे।''

## 'वोट चोरी' संबंधी आरोप निराधार : निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाए 'वोट चोरी' संबंधी आरोप निराधार हैं और इन ''गैर-ज़िम्मेदाराना'' टिप्पणियों को नज़रअंदाज़ किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता के आरोप पर आयोग ने कहा, ''निर्वाचन आयोग रोज़ाना लगाए जा रहे ऐसे निराधार आरोपों को नज़रअंदाज़ करता है और रोज़ाना दी जा रही धमकियों के बावजूद, सभी चुनाव अधिकारियों से ऐसे गैर-ज़िम्मेदाराना बयानों को नज़रअंदाज़ करने और निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से काम करने का अनुरोध करता है।''

# बंगाल सरकार ने सीयू से परीक्षा तिथि बदलने को कहा

**कुलपति ने कहा कि दबाव में नहीं आएंगे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता विश्वविद्यालय (सीयू) की कार्यकारी कुलपति संता दत्ता ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने 28 अगस्त को होने वाली स्नातक कानून परीक्षा की तिथि बदलने का आग्रह किया है क्योंकि यह तिथि तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के स्थापना दिवस के दिन पड़ रही है। उच्च शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ विशेष सचिव द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में अनुरोध को उचित ठहराते हुए कहा गया है कि परीक्षा की तिथि बदलना अधिकतर छात्रों के हित में होगा। हालांकि. दत्ता ने कहा कि मैं दबाव में परीक्षा तिथि नहीं बदलूंगी। निर्णय मेरे अकेले का नहीं है। जल्द ही विश्वविद्यालय की आपात बैठक बुलाकर सामूहिक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पत्र किसी राजनीतिक दल के पक्ष में है और विश्वविद्यालय की स्वायत्तता को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा तिथि पहली से ही निर्धारित थी और किसी छुट्टी से नहीं टकरा रही थी। तृणमूल नेताओं ने कुलपति पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया, जबकि दत्ता ने कहा कि परीक्षा तिथि बदलने का दबाव छात्र राजनीति और शासन के अस्वस्थ मेल को दर्शाता है।

# संस्कृत को भारत में घर-घर तक पहुंचाने, संचार का माध्यम बनाने की आवश्यकता : आरएसएस प्रमुख भागवत

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी है और इसे संचार का माध्यम बनाने तथा घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की वकालत की और कहा कि यह ऐसी भाषा है जो ''हमारी भावनाओं (भाव) को विकसित'' करती है। उन्होंने कहा कि सभी को इस प्राचीन भाषा को जानना चाहिए। नागपुर में कवि कुलगुरु कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक भवन के उद्घाटन समारोह में भागवत ने कहा कि संस्कृत को समझने और उसमें



संवाद करने की क्षमता रखने में अंतर होता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकारी संरक्षण मिलेगा, लेकिन जनता का संरक्षण मिलना भी जरूरी है। भागवत ने कहा कि संस्कृत भारत की सभी भाषाओं की जननी है और इसे आगे बढ़ाने के लिए लोगों को अपने दैनिक जीवन में इसका इस्तेमाल करना चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''हमें अपने दैनिक संवाद में इस भाषा को बोलना सीखना होगा। यह दैनिक संवाद की भाषा बननी चाहिए। मैंने यह भाषा सीखी है, लेकिन मैं इसे धाराप्रवाह नहीं बोल पाता। संस्कृत को हर घर तक पहुंचाने की जरूरत है और इस भाषा में संवाद जरूरी है।'' भागवत ने कहा कि 'आत्मनिर्भर' बनने और 'स्वबल' प्रदर्शित करने की आवश्यकता पर सभी एकमत हैं, जिसके लिए ''हमें अपनी बुद्धि और ज्ञान का विकास करना होगा।''

# ऋण धोखाधड़ी: ईडी ने अनिल अंबानी को पांच अगस्त को पूछताछ के लिए तलब किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के समूह की कंपनियों के खिलाफ दर्ज करोड़ों रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में उन्हें पांच अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने अनिल अंबानी को विदेश यात्रा करने से रोकने के लिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया



है। उन्होंने कहा कि मामला दिल्ली में दर्ज होने की वजह से अंबानी (66) को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय बुलाया गया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी अंबानी के पेश होने पर धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। उनके समूह की कंपनियों के कुछ अधिकारियों को भी अगले कुछ दिन में पेश होने के लिए कहा गया है। पिछले सप्ताह संघीय एजेंसी ने 50 कंपनियों के 35 परिसरों और अनिल के व्यापारिक समूह के अधिकारियों समेत 25 लोगों के परिसरों पर छापे मारे थे। 24 जुलाई को शुरू हुई यह छापेमारी तीन दिन तक जारी रही थी।

# अब भी 6,017 करोड़ रुपये मूल्य के 2,000 रुपये के नोट चलन में: आरबीआई

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2,000 रुपये के नोट को चलन से हटाये जाने के दो साल से भी अधिक समय बाद 6,017 करोड़ रुपये मूल्य के ये नोट अब भी चलन में हैं। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। दो हजार रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने हुए हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि चलन में 2,000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 जुलाई, 2025 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 6,017 करोड़ रुपये रह गया है। इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2,000 रुपये के बैंक नोटों का 98.31 प्रतिशत वापस आ चुका है। दो हजार रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। नौ अक्टूबर, 2023 से, रिजर्व बैंक के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों/संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2,000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के माध्यम से 2,000 रुपये के नोट अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय को भेज रहे हैं।

## भारतीय रेल की 1078 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को संसद को बताया कि भारतीय रेल की 1078 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण है और 4930 हेक्टेयर भूमि का वाणिज्यिक उपयोग किया जा रहा है। रेल मंत्री वैष्णव ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, ''भारतीय रेल के पास कुल भूमि लगभग 4.90 लाख हेक्टेयर है, जिसमें से लगभग 0.22 प्रतिशत (1078 हेक्टेयर) भूमि अतिक्रमण के अधीन है और लगभग एक प्रतिशत (4930 हेक्टेयर) भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है।'' उन्होंने वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि और वहां से रेल द्वारा अर्जित राजस्व का वर्ष-वार विवरण भी साझा किया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 में 2104.44 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 में 1733.24 करोड़ रुपये का राजस्व मिला।

# निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के बाद बिहार के लिए मतदाता सूचियों का मसौदा प्रकाशित किया

**पटना :** निर्वाचन आयोग ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महीने भर चली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य के लिए मतदाता सूचियों का मसौदा शुक्रवार को प्रकाशित किया। मसौदा सूचियों के प्रकाशन के साथ ही ''दावों और आपत्तियों'' की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जो एक सितंबर तक जारी रहेगी। कोई संकलित सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है लेकिन मतदाता अपना नाम निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जून में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले राज्य में 7.93 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। अभी यह पता नहीं चला है कि आज प्रकाशित मसौदा सूचियों में कितने मतदाता शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि



सुपौल, नवादा, लखीसराय, दरभंगा, शिवहर, जमुई और गयाजी के जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों की मसौदा सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंप दी है। मसौदा सूचियों के प्रकाशन के साथ ही ''दावों और आपत्तियों'' की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जो एक सितंबर तक जारी रहेगी और इस अवधि के दौरान मतदाता गलत तरीके से नाम हटाए जाने की शिकायत लेकर संबंधित प्राधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। एसआईआर के पहले चरण में, मतदाताओं को या तो बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) या राजनीतिक दलों द्वारा नामित बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) द्वारा ''गणना प्रपत्र'' प्रदान किए गए थे, जिन्हें उन्हें अपने हस्ताक्षर करके पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेज संलग्न करने के बाद वापस करना था।

## एसआईआर के बाद बिहार में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या में करीब 65 लाख की कमी आई: निर्वाचन आयोग

चुनावी राज्य बिहार में निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तैयार की गई मसौदा मतदाता सूची में 65 लाख से अधिक गणना प्रपत्र शामिल नहीं किए गए हैं, जिससे पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 7.9 करोड़ से घटकर 7.24 करोड़ रह गई है। आयोग ने दावा किया कि संबंधित अधिकतर व्यक्तियों की मौत हो चुकी है या वे पलायन कर चुके हैं। एसआईआर के तहत तैयार की गई मतदाता सूची के मसौदे का विपक्ष ने काफी विरोध किया क्योंकि विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने शेष रह गए हैं।



## भारत के सुरक्षात्मक उपायों से जगी उम्मीद

राष्ट्रपति पद संभालने के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप ने संरक्षणवादी एजेंडे के साथ ही चीन, कनाडा व मैक्सिको पर भारी-भरकम टैरिफ थोपकर व्यापार युद्ध की शुरुआत कर दी है। ट्रंप के फैसले से वैश्विक बाजारों में भूचाल है। इन तीनों देशों द्वारा इसका जबाब देने की घोषणा से विश्व व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका पैदा हो गई है। दरअसल, अमेरिका ने अपने शीर्ष व्यापारिक सहयोगी कनाडा व मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीनी सामानों पर 10 प्रतिशत टैफिक थोपकर उन्हें आर्थिक प्रतिशोध हेतु बाध्य कर दिया है। कनाडा ने अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है तो मैक्सिको भी ऐसा मन बना रहा है। वहीं चीन पिछली टैरिफ लड़ाइयों से परेशान होकर रणनीतिक प्रतिशोध को तैयार है। वह इस मामले को विश्व व्यापार संगठन तक ले जाने की बात कर रहा है। हालांकि, भारत फिलहाल ट्रंप की संरक्षणवादी कार्रवाई से बचा नजर आता है। भारत ने टैरिफ कटौती की दिशा में कदम उठाते हुए ट्रंप के उस टैरिफ दुरुपयोग के आक्षेप से बचने का प्रयास किया है, जिसको लेकर ट्रंप भारत को निशाने पर लेते हैं। दरअसल, भारत में शीर्ष तीस अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क मसलन कच्चे पेट्रोलियम से लेकर हार्ले-डेविडसन मोटर साइकिल तक पर मामूली टैरिफ हैं। निस्संदेह, यह रणनीतिक कदम न केवल तत्काल अमेरिकी प्रतिशोध को रोकता है बल्कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला में एकीकृत होने के लिये भारत की प्रतिबद्धता का भी संकेत देता है। जैसा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में रेखांकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत अमेरिकी व्यापार घाटे में केवल 3.2 प्रतिशत का ही कारक है। इसकी वजह यह भी है कि भारत के तेजी से बढ़ते फार्मास्युटिकल और कीमती धातुओं के निर्यात फिलहाल कमजोर बने हुए हैं। यह अच्छी बात है कि ट्रंप ने पहले टैरिफ वार से भारत को राहत दी है, लेकिन वैश्विक व्यापार युद्ध से भारत में विदेशी निवेश प्रभावित हो सकता है। असर रुपये की सेहत पर भी पड़ेगा।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा से द्विपक्षीय व्यापार खिड़की खुलने की संभावना है। वहीं ट्रंप की इस कार्रवाई का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि सामान पर टैरिफ बढ़ाए जाने से चीनी उत्पाद महंगे होंगे, तो भारतीय निर्यातक अमेरिका बाजार में नये अवसर तलाश सकते हैं। खासकर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटो पार्ट्स के क्षेत्र में। लेकिन इसके बावजूद भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। इस टैरिफ जंग का एक पहलू यह भी कि अमेरिका में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। ट्रंप ने अमेरिकी लोगों को मुश्किल समय के लिये तैयार रहने के लिये कहा है। आशंका है कि इससे भारत के सबसे बड़े निर्यात बाजारों में से एक में मांग कम हो सकती है। वहीं दूसरी ओर कोई भी अमेरिकी व्यापारिक प्रतिबंध अंततः भारत के प्रमुख उद्योगों को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, हमने उभरते वैश्विक आर्थिक युद्ध से बचने के लिये व्यावहारिक टैरिफ रणनीति को अपनाया है, लेकिन अभी भी बड़े वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका खत्म नहीं हुई है। हालिया केंद्रीय बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्स में छूट देकर मध्य वर्ग को खुश तो किया है, लेकिन ट्रंप के व्यापार युद्ध की घोषणा से भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ऐसे में भारत को व्यापार संतुलन को बनाये रखने और ग्लोबल इकॉनमी पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के लिये तैयार रहना होगा। आशंका है कि कनाडा, मैक्सिको व चीन के बाद ट्रंप यूरोप को भी निशाने पर ले सकते हैं। एक अनिश्चितता पैदा हुई है कि यह टैरिफ युद्ध कितना और किस दिशा में बढ़ता है। आर्थिक विशेषज्ञ कयास लगा रहे हैं कि मोदी की अमेरिका यात्रा में ट्रंप भारत से व्यापार असंतुलन दूर करने को कह सकते हैं। वहीं दूसरी ओर भारत अमेरिका से आधुनिक अस्त्र, कच्चा तेल व प्राकृतिक गैस तथा कृषि उत्पाद आयात बढ़ाकर टैरिफ युद्ध की छाया से बच सकता है। बाकी कुछ ट्रंप की प्राथमिकताओं पर भी निर्भर करेगा। लेकिन साथ ही भारत को विश्व व्यापार संगठन के सभी देशों के लिए समान टैरिफ नियम का भी पालन करना होगा। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य भी सामने हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 2 अगस्त, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष अष्टमी, 07:23 तक, नक्षत्र : विशाखा, 30:28 तक, योग : शुभा, 05:21 तक, सूर्योदय: 5:08, सूर्यास्त: 18:16, चन्द्रोदय : 12:29, चन्द्रास्त: 23:30, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 08:27 से 10:05

## राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मानसिक तनाव भी बढेगा। लेकिन अपने मधुर व्यवहार और वाणी से माहौल को सामान्य बनाने में सफलता भी प्राप्त करेंगे।

**वृष :** आपका दिन शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा चलेगा और लाभ कमाने के भी कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। दोपहर के समय आपको कोई सकारात्मक समाचार सुनने को मिलेगा।

**मिथुन :** आपको अपने पिता और कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से किसी बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति को प्राप्त करने की इच्छा पूरी हो सकती है। इसी के चलते पूरे दिन मन भी प्रसन्न रहेगा।

**कर्क :** आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और व्यापार के मामले में अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है। इसकी मदद से धन की कमी दूर होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होती जाएगी।

**सिंह :** आपको राजनीतिक क्षेत्र में अपने अपेक्षा से भी कई ज्यादा सफलता प्राप्त हो सकती है। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता के मार्ग खुलते जाएंगे, जिससे मानसिक तनाव कम होगा और मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। घर में चल रही परेशानियां भी अब दूर हो सकती हैं।

**तुला :** आपको शिक्षा या किसी प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त हो सकती है। नौकरी करने वालों के लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। आपको जीवनसाथी का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहने वाला है। आपको लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त होंगे। इससे धन, सम्मान, यश, कीर्ति में भी वृद्धि होगी। आपको वाणी पर संयम रखना होगा।

**धनु :** सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आप अपने घर की जरूरत का सामान खरीदने पर भी धन खर्च कर सकते हैं। अगर किसी कानूनी मामले में फंसे हैं तो अब सफलता प्राप्त हो सकती है।

**मकर :** व्यापार के मामले में समय अनुकूल रहेगा, जिससे आपको अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामलों में भी दिन अच्छा रहेगा और पहले की अपेक्षा अब आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाएगी।

**कुम्भ :** आपके खर्चों में वृद्धि हो सकती है और जीवनसाथी को अचानक शरीर से जुड़ी समस्या हो सकती है। इसी के चलते आपका ज्यादा समय भागदौड़ में भी निकल सकता है।

**मीन :** बिजनेस में सफलता प्राप्त होगी, जिससे मन पूरा समय प्रसन्न रहेगा। कामकाज के सिलसिले में किसी दूर या पास की यात्रा पर भी जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी।

# डिजिटल भुगतान से आर्थिक विकास को मिली नयी गति



**राजेश माहेश्वरी**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से हाल ही में जारी किए गए एक नोट, बढ़ता रिटेल डिजिटल भुगतान: इंटरऑपरेबिलिटी का महत्त्व के अनुसार, भारत तेज भुगतान में ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। इस बदलाव का मूल आधार एकीकृत भुगतान इंटरफेस है, जिसे यूपीआई के नाम से जाना जाता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने देश में लोगों के पैसे भेजने और प्राप्त करने के तरीके को बदल दिया है। आज, भारत में यूपीआई के माध्यम से हर महीने 18 बिलियन से अधिक ट्रांजेक्शन होते हैं।

यूपीआई अब केवल एक भुगतान प्रणाली नहीं है। यह सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में नवाचार के लिए एक वैश्विक मानक है। आज यूपीआई का स्तर उल्लेखनीय है। अकेले जून 2025 में, इसने 24.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान किए। इसके जरिए 18.39 बिलियन ट्रांजैक्शन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 बिलियन लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक साल में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यूपीआई प्रणाली अब 491 मिलियन लोगों और 65 मिलियन कारोबारियों को सेवाएं देती है। यह 675 बैंकों को एक ही मंच पर जोड़ती है, जिससे लोग बिना किसी चिंता के आसानी से भुगतान कर सकते हैं कि वे किस बैंक का इस्तेमाल कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत के डिजिटल भुगतान का दायरा अभूतपूर्व वृद्धि के साथ पूरी दुनिया में अग्रणी बन चुका है। पिछले छह वित्त वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक देश में 65,000 करोड़ से अधिक डिजिटल लेनदेन हुए हैं, जिनकी कुल राशि 12,000 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। इस डिजिटल भुगतान की लहर ने विशेष रूप से वंचित एवं ग्रामीण समुदायों के वित्तीय लेनदेन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं।

मोदी सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया-एनपीसीआई, फिनटेक कंपनियों, बैंकों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खास तौर पर टियर-2 और टियर-3 शहरों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू और कश्मीर जैसी पिछड़ी और संवेदनशील क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती करने के लिए 2021 में आरबीआई ने पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड- पीआईडीएफ की स्थापना की। अब तक इस फंड के माध्यम से लगभग 4.77 करोड़ डिजिटल टच पॉइंट देशभर में तैनात किए जा चुके हैं। ये टच पॉइंट डिजिटल भुगतान की सुविधाओं को छोटे से छोटे गांव, कस्बा, सरकारी दफ्तर और व्यापारी केंद्रों तक पहुंचाने में सहायक हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की प्रगति को मापने के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक यानी आरबीआई-डीपीआई विकसित किया है, जो हर छह महीने में प्रकाशित होता है। इसका आधार मार्च 2018 है, जब यह 100 था। सितंबर 2024 तक यह सूचकांक 465.33 तक पहुंच चुका था और मार्च 2025 तक 493.22 पर पहुंच गया, जो देश भर में डिजिटल भुगतान के अपनाने, बुनियादी ढांचे और प्रदर्शन में निरंतर बढ़ोत्तरी को दर्शाता है। यह संकेत है कि भारत का डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से सशक्त हो रहा है।

यूपीआई जैसे डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म ने छोटे व्यवसायों, एमएसएमई, ग्रामीण और वंचित वर्गों के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच आसान कर दी है। यूपीआई की मदद से लाखों छोटे विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार कर पा रहे हैं, जिससे नकद लेनदेन की निर्भरता कम हो रही है। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों के लिए कम-मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देना, टीआरईडीएस के माध्यम से छूट देने की व्यवस्था और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए व्यापारी छूट दर को युक्तिसंगत बनाना जैसे कदम डिजिटल भुगतान को अधिक सुलभ और लाभकारी बना रहे हैं।

पीआईडीएफ के अंतर्गत टियर-3 से लेकर टियर-6 नगरों, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर में डिजिटल भुगतान स्वीकृति के इन्फ्रास्ट्रक्चर का व्यापक विकास किया गया है। इससे गांव और छोटे शहरों में भी डिजिटल भुगतान को अपनाने के रास्ते खुले हैं। डिजिटल टच पॉइंट्स के बढ़ते नेटवर्क ने इन इलाकों में भी आर्थिक लेनदेन की प्रक्रिया को सरल और तेज कर दिया है।

यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान का सबसे लोकप्रिय और व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला माध्यम बना हुआ है। जून 2025 तक यूपीआई पर प्रतिदिन औसतन 613 मिलियन लेनदेन दर्ज किए गए हैं, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता और निर्बाध सुविधा का प्रमाण हैं। इसने देश को नकद मुक्त अर्थव्यवस्था की ओर एक कदम और पास पहुंचाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा डिजिटल भुगतान में लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे साफ होता है कि डिजिटल भुगतान तेजी से भारतीय अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा की जिंदगी में अभिन्न हिस्सा बनता जा रहा है।

आज, भारत में सभी डिजिटल लेन-देन में 85 प्रतिशत यूपीआई के माध्यम से होते हैं। इसका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से परे भी है, और यह वैश्विक स्तर पर रियल-टाइम डिजिटल भुगतानों के लगभग 50 प्रतिशत को संचालित करता है। ये आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं। ये भरोसे, सरलता और तेजी को दर्शाते हैं। हर महीने, अधिक से अधिक लोग और व्यवसाय अपने भुगतानों के लिए यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका बढ़ता इस्तेमाल इस बात का एक मजबूत संकेत है कि भारत तेजी से एक कैशलेस इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है।

भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस अब दुनिया का नंबर एक रियल-टाइम भुगतान सिस्टम भी बन गया है। इसने रोजाना ट्रांजैक्शन की प्रोसेसिंग में वीजा को पीछे छोड़ते हुए बढ़त हासिल कर ली है। वीजा के 63 करोड़ 90 लाख ट्रांजैक्शन के मुकाबले यूपीआई हर दिन 64 करोड़ से अधिक ट्रांजेक्शन संभालता है। यह पैमाना असाधारण है, खासकर जब आप यह देखते हैं कि यूपीआई ने यह उपलब्धि केवल नौ वर्षों में हासिल की है। अब दुनिया भर में लगभग 50 प्रतिशत ट्रांजैक्शन यूपीआई के माध्यम से होते है। यह गति और आसानी के लिए बनाई गई एक खुली और अंतर-संचालनीय प्रणाली की शक्ति को दर्शाता है।

इसकी सफलता की कहानी केवल घर तक ही सीमित नहीं है। यूपीआई की मौजूदगी सीमाओं के पार भी महसूस हो रही है। यह संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस समेत सात देशों में पहले से ही उपलब्ध है। फ्रांस में इसका प्रवेश एक मील का पत्थर है क्योंकि यह यूरोप में यूपीआई का पहला कदम है। इससे वहां यात्रा कर रहे या रहने वाले भारतीयों को विदेशी लेनदेन की सामान्य परेशानियों के बिना सहजता से भुगतान करने की सुविधा मिलती है। भारत यूपीआई को ब्रिक्स समूह में एक मानक बनाने के लिए भी प्रयास कर रहा है, जिसमें अब छः नए सदस्य देश भी शामिल हैं। अगर ऐसा होता है, तो इससे रिमिटेंस में सुधार होगा, वित्तीय समावेशन में तेजी आएगी और डिजिटल भुगतान में वैश्विक तकनीकी अग्रणी के तौर पर भारत की छवि मजबूत होगी।

डिजिटल भुगतान की इस तेजी के साथ भारत ने खुद को एक अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी के रूप में स्थापित कर लिया है। डिजिटल रुपया और अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान नेटवर्क के विकास से वित्तीय लेनदेन अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्वरित होंगे। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म्स को और देश-विदेश में विस्तार देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भारत एक ग्लोबल डिजिटल पेमेंट हब बन सके। भारत का डिजिटल भुगतान सशक्तिकरण ने न केवल आर्थिक लेनदेन को सरल बनाया है, बल्कि गरीब और पिछड़े वर्गों को भी वित्तीय दुनिया का हिस्सा बनाया है। यह डिजिटल इंडिया की सफलता की कहानी है, जो रोजाना करोड़ों नागरिकों की जिंदगी में सुधार लाकर भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रही है। -लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# मालेगांव विस्फोट एवं भगवा पर कलंक की साजिश



**ललित गर्ग**

29 सितंबर 2008 को मालेगांव में हुए बम विस्फोट की न्यायिक परिणति ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि कैसे सत्ता, वोटबैंक और वैचारिक पूर्वाग्रहों ने भारतीय न्याय और निष्पक्षता की नींव को झकझोर दिया। मुंबई की एनआईए कोर्ट द्वारा सातों आरोपियों-प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित को सबूतों के अभाव में बरी कर देना न केवल कानूनी दृष्टि से एक महत्वपूर्ण फैसला है, बल्कि यह उस भगवा आतंकवाद की मिथ्या कथा पर भी करारा प्रहार है जिसे वर्षों तक कांग्रेस ने राजनीतिक मंचों और मीडिया के जरिए प्रचारित किया गया। यह कांग्रेस की फर्जी कहानी का अंत एवं सत्य की जीत का एक अमूल्य आलेख है।

अदालत का यह वक्तव्य कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता', भारतीय संस्कृति और न्यायशास्त्र की मूल आत्मा को पुनः जीवित करता है। यह वही भारत है जहां 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'अहिंसा परमो धर्मः' की गूंज होती रही है, लेकिन दुर्भाग्यवश 2008 के बाद हिंदू धर्म, हिंदुत्व और भगवा पर ऐसा कलंक मढ़ा गया मानो वे आतंकवाद के स्रोत हों। मालेगांव विस्फोट मामले में एनआइए की विशेष अदालत उस नतीजे पर पहुंची, जिस पर बांबे हाई कोर्ट ट्रेन विस्फोट कांड की सुनवाई करते हुए पहुंचा था। ऐसा कई आतंकी घटनाओं के मामलों में हो चुका है। इससे यही पता चलता है कि कभी जांच एजेंसियां, कभी अदालतें और कभी दोनों अपना काम सही तरह और समय पर नहीं करतीं। जांच और फिर अदालती कार्यवाही में देरी तथा ढिलाई एक बड़ा रोग है। आतंक के मामलों की जांच में यह भी कोई दबी-छिपी बात नहीं कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं वोट बैंक बाधा बनते हैं। आतंकी घटनाओं को राजनीतिक रंग दिया जाता है। मालेगांव विस्फोट कांड में प्रज्ञा ठाकुर, सुधाकर द्विवेदी आदि की गिरफ्तारी के आधार पर हिंदू और भगवा आतंक का जुमला उछाला गया। इसका मकसद कथित भगवा आतंक को जिहादी आतंक जैसा बताना था। यह हिंदू ही नहीं, देश विरोधी साजिश थी। इसका लाभ पाकिस्तान को मिला, क्योंकि कांग्रेस के कई नेताओं ने समझौता एक्सप्रेस कांड पर भी एजेंसियों के सहारे भगवा आतंक की फर्जी कहानी गढ़ी।



भगवा आतंकवाद शब्द का पहली बार प्रयोग उस समय के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने किया, जिनका उद्देश्य स्पष्ट था, वोटबैंक की तुष्टिकरण नीति, मुस्लिम समाज को डराकर एकतरफा ध्रूवीकरण और हिंदू संगठन व सनातन मूल्यों को कलंकित करना। इसका परिणाम हुआ कि वर्षों तक निर्दोष लोग जेल में सड़ते रहे। साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को एक संन्यासी जीवन से घसीट कर हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके आध्यात्मिक जीवन को ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि जब सबूत नहीं थे, तब उन्हें जेल में रखने की ज़रूरत क्यों पड़ी? क्यों जांच एजेंसियों ने बेसिर-पैर की कहानियों को सच मान लिया? क्यों मीडिया ने बिना परीक्षण के 'हिंदू आतंकवाद' की ब्रेकिंग न्यूज़ चला दी? यह वही मानसिकता थी जो आतंकवाद को धर्म से जोड़कर एक खास समुदाय को डराने और एक संप्रदाय को बदनाम करने में लगी थी। यह कांग्रेस का एक षडयंत्र एवं साजिश थी जो अब पर्दापाश हो गयी है। कांग्रेस शासित प्रांत में सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया गया।

मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। कोर्ट ने कहा, श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी।

इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। इस पूरे प्रकरण में न्यायपालिका की देरी और जांच एजेंसियों की लापरवाही स्वयं अदालत द्वारा उजागर की गई। अदालत ने कहा कि ना तो घटनास्थल का स्केच बनाया गया, ना फिंगरप्रिंट लिए गए, ना बम के सटीक स्रोत की पुष्टि हुई और ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण था। अभियोजन पक्ष ने जिस मोटरसाइकिल को बम के लिए इस्तेमाल होने की बात कही थी, वह भी प्रज्ञा ठाकुर से जुड़ी नहीं पाई गई। यह सब कुछ बताता है कि पूरा केस पूर्वग्रहों, दुर्भावना और राजनीतिक साजिश से प्रेरित था। यदि न्याय के नाम पर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जाए, तो वह केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि समस्त समाज और संस्कृति को दंडित करने जैसा होता है। प्रश्न यह उठता है-तो क्या अब तक इन आरोपियों को गलत तरीके से आतंकवादी घोषित कर वर्षों तक सलाखों के पीछे रखा गया?

हिंदू धर्म और आतंकवाद-ये दो शब्द आपस में मेल नहीं खाते। सनातन संस्कृति का मूल आधार ही शांति, सहिष्णुता और करुणा है। विश्व में यदि कोई धर्म ऐसा है जिसने 'युद्ध नहीं, यज्ञ', 'हिंसा नहीं, अहिंसा' का मार्ग दिखाया है, तो वह हिंदू धर्म है। राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, विवेकानंद और गांधी-इन सभी की परंपरा में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं। 'भगवा आतंकवाद' एक गढ़ा गया मिथक था, जो ना केवल हिंदू समाज को कलंकित करता है, बल्कि भारत की आत्मा को भी चोट पहुंचाता है। भगवा वस्त्र तो त्याग, तपस्या और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। उसे बम और खून से जोड़ना स्वयं भारतीयता के खिलाफ साजिश है।


इस फैसले ने जहां एक ओर निर्दोषों को न्याय दिया, वहीं दूसरी ओर यह देश के जनमानस को आत्ममंथन का अवसर भी देता है, क्या हम इतनी आसानी से किसी को भी आतंकवादी घोषित कर देंगे? क्या हम किसी राजनीतिक विचारधारा के विरोध के कारण पूरे धर्म को कटघरे में खड़ा कर देंगे? क्या धर्म का दुरुपयोग कर वोटबैंक की राजनीति करते रहेंगे? साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की प्रतिक्रिया-आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है इस बयान में उनके दर्द एवं यथार्थ को समझने की आवश्यकता है। यह केवल एक साध्वी की व्यक्तिगत मुक्ति की खुशी नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों की आवाज़ है जिनके लिए भगवा आस्था और अस्मिता का प्रतीक है।

वर्षों तक मीडिया ने इस मामले को सनसनीखेज बनाकर 'हिंदू आतंकवाद' को ग्लैमराइज किया। प्राइम टाइम पर भगवा को हिंसा से जोड़ना, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को 'संदिग्ध आतंकी' की तरह चित्रित करना और बिना न्यायिक पुष्टि के चरित्रहनन करना, पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ था। वहीं, तथाकथित बुद्धिजीवियों एवं देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी ने भी इस मामले में एकतरफा विचारधारा के चलते भगवा को 'खतरा' घोषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे लोगों से अब यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या आप सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे?

मालेगांव विस्फोट मामले में आया फैसला केवल न्यायिक विजय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह भारत की न्याय प्रणाली, समाज की सहिष्णुता और धर्म की शुद्धता का प्रमाण है। आज समय है, जब राष्ट्र को यह समझना चाहिए कि धर्म को आतंक से जोड़ना स्वयं एक मानसिक आतंक है। सत्य को स्वीकारने का साहस कीजिए, क्योंकि न्याय तभी पूर्ण होता है जब उसमें निष्पक्षता, संवेदना और सत्य का साथ हो। यह मामला दर्शाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पस्त या पराजित नहीं। सत्यमेव जयते- यह सत्य की जीत है, सनातन की जीत है। भगवा वस्त्रों पर लगे झूठे दाग अब धुल चुके हैं, अब समय है संस्कृति के गौरव को फिर से स्थापित करने का।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 3171




➲ **बायें से दायें:-** 1) श्वासरुद्ध; निर्जीव, 4) दुर्गंधपूर्ण 7) एक पालतू चौपाया, 8) पर्यन्त, 10) अल्पतम, 12) कवच, 14) नख़रा; गर्व, 16) कृतान्त, 18) लोकव्यवहार नियम, 21) परिणाम, 22) जलन, 23) शीर्षक *(लेख का)*, 24) भिड़ंत, 25) आसक्त, 27) अन्यथा, 28) चौकी, 30) जगज्जेता सम्राट, 32) व्याधिग्रस्त, 33) झुका, 34) दुश्मनी.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 2) जिसपर किसी का प्रभाव हो, 3) खँडहर टीला, 4) लड़की, 5) समझना, 6) मग्न, 9) बहते पानी का मंदध्वनि, 10) विधिपूर्वक, 11) डरना, 12) पूरा; संपूर्ण, 13) जिद, 15) प्रवासवर्णन, 17) जलसा, 19) प्रसिद्ध, 20) कंठगत करना, 26) तलहटी; कमीज़ पल्ला, 29) क्यों; निमित्त; मिस, 30) जीवनकाल, 31) गाना, 32) व्यतीत *(समय)*.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | | | | | | 1 | 4 |
| | | | | 9 | | 8 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| | | | | 5 | 7 | | | |
| 1 | | | | | 4 | 3 | | |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| | | 8 | | | | | | |
| 2 | 6 | | 4 | | | | 9 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3127 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 2 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 2 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |

# ‘20 लाख रुपए लिए! आज ही करें प्राथमिकी’

## आसनसोल नगर निगम के खिलाफ हाईकोर्ट का कड़ा रुख

**कोलकाता/आसनसोल :** आसनसोल नगर निगम द्वारा 20 लाख रुपए लिए जाने के आरोप को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को बेहद सख्त रुख अपनाया। न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने साफ शब्दों में निर्देश दिया – आज ही प्राथमिकी दर्ज कीजिए! यह टिप्पणी एक निजी इस्पात फैक्ट्री द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान दी गई।

मामले के केंद्र में है जामुड़िया स्थित ‘मान’ इस्पात कारखाना, जिसने दावा किया कि 5 जुलाई को नगर निगम को 20 लाख रुपये देने के बाद उनकी अवैध निर्माण पर कार्रवाई रोकी गई, लेकिन बाद में



फिर से 20 लाख रुपये की मांग की गई। इसके बाद कंपनी ने कोर्ट का रुख किया।

**हाईकोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए कहा –** आसनसोल नगर निगम 20 लाख रुपये कैसे ले सकता है? यह तो अवैध वसूली है। आज ही प्राथमिकी दर्ज करें और सोमवार को मामले की तत्काल सुनवाई होगी।

**न्यायालय ने यह भी सवाल उठाया कि –** क्या सिर्फ जुर्माना वसूल लेने से अवैध निर्माण वैध हो जाता है?

बेंच ने स्पष्ट किया कि इस पूरी प्रक्रिया में अनियमितता है और यह पूरी तरह गैरकानूनी है।

गौरतलब है कि जामुड़िया और रानीगंज इलाके की 11 फैक्ट्रियों को अवैध निर्माण के आरोप में नगर निगम ने नोटिस जारी कर दिया था। कहा गया कि निर्माण अवैध है, इसलिए उन्हें गिरा दिया जाएगा। लेकिन फैक्ट्री मालिकों का आरोप है कि नगर निगम उनसे भारी जुर्माना वसूल कर रहा है, और कहा गया कि भुगतान करने पर निर्माण को नहीं गिराया जाएगा, जबकि इस बारे में कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया गया।

नगर निगम की ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन महापौर विधन उपाध्याय ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

अब नजर है सोमवार की हाईकोर्ट की सुनवाई पर, जहां इस मामले में बड़ा आदेश आ सकता है।

# आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामला : सीबीआई कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर अस्पताल में पिछले साल हुई दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद गठित चिकित्सकों के मंच 'अभया मंच' के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को साल्टलेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कार्यालय के सामने एक रैली निकाली। प्रदर्शनकारी हाथों में झाड़ू लिए हुए थे और उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की सीबीआई जांच में देरी इसलिए हो रही है क्योंकि वह (सीबीआई) राज्य सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।

'अभया मंच' के संयुक्त संयोजक तमोनास चौधरी ने दावा किया, कि सीबीआई राज्य सरकार के साथ



समझौता करने की दिशा में काम कर रही है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अपराध घटित हुए इतने महीने बीत जाने के बाद भी वे अभी तक मामले में कोई निष्कर्ष नहीं निकाल पाए हैं।

## बांकुड़ा में बस पलटी, कई घायल

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा-दुर्गापुर राज्य राजमार्ग पर बरजोड़ा के आशुरिया चौराहे के पास शुक्रवार की सुबह यात्रियों से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में लगभग 10 यात्री घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक निजी बस सोनामुखी से लगभग 35 यात्रियों को लेकर दुर्गापुर जा रही थी। आशुरिया चौराहे के पास अचानक एक मोटरसाइकिल बस के सामने आ गई और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस चालक नियंत्रण खो बैठा। नियंत्रण खोने की वजह से बस सड़क किनारे पलट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को बाहर निकालकर बरजोड़ा अस्पताल भेजा गया।




# हर नागरिक को देश में कहीं भी जाने का अधिकार है : अमर्त्य सेन

**बीरभूम :** पश्चिम बंगाल में हिंदी भाषी लोगों के साथ और देश के विभिन्न हिस्सों में बंगाली प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीड़न को लेकर जारी राजनीतिक घमासान के बीच नोबेल विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने स्पष्ट कहा है कि भारत के हर नागरिक को संविधान के तहत देश में कहीं भी जाने और किसी भी भाषा में बोलने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्वतंत्रता पर कोई रोक लगाने की कोशिश की जाती है, तो उसका विरोध होना चाहिए। शांतिनिकेतन स्थित अपने पैतृक निवास में पत्रकारों से बातचीत में सेन ने कहा कि कोई व्यक्ति बंगाली हो, पंजाबी हो या मारवाड़ी, यह मायने नहीं रखता। उसे जहां जाना है, वह जा सकता है, जिस भाषा में बोलना है, वह बोल सकता है। यह उसका संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के संविधान में क्षेत्रीय अधिकार जैसा कोई प्रावधान नहीं है, और हर नागरिक को देशभर में समान रूप से रहने और प्रसन्न रहने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमें हर व्यक्ति का सम्मान करना होगा। हर नागरिक को प्रसन्न रहने का अधिकार है। अमर्त्य सेन ने कहा कि अगर बंगालियों को कहीं प्रताड़ित या उपेक्षित किया जा रहा है, तो इसका स्पष्ट रूप से विरोध होना चाहिए। यह केवल बंगाल का नहीं, पूरे देश का सवाल है। भाषा और सांस्कृतिक विरासत को लेकर सेन ने कहा कि 'चर्यापद' से शुरू हुई बांग्ला भाषा की ऐतिहासिक गरिमा को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ ठाकुर और काजी नजरुल इस्लाम की रचनाओं में जो मूल्य झलकते हैं, उन्हें समझना और स्वीकार करना जरूरी है।

# साइन डॉट इलेक्ट्रिकल के नए शोरूम का हुआ उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** इलेक्ट्रिकल व्यवसाय के जाने-माने व्यवसायी उमाकांत अग्रवाल (बंटी) के नये शोरूम का उद्घाटन शुक्रवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह शोरूम 8ए पॉलक स्ट्रीट में स्थित है। विशिष्ट अतिथि गिरीश सदावरतिया के द्वारा उद्घाटन किया गया। बता दें कि साइन डॉट इलेक्ट्रिकल्स बिजली व्यवसाय में बहुत ही नामी गिरामी कंपनी है और लूरिडज नुडशन, ऋषभ, मल्टीस्पेन, जिगो, सूरज, मेट्रावी, रेक्सनोर्रड, जेनसन, जैसी बहुत सी बड़ी ब्रांडों के डिस्ट्रीब्यूटर है।

उद्घाटन के शुभ अवसर पर मुंबई से सूरज के डायरेक्टर हर्षित बेद, मेट्रावी के विमल राज भंसाली एवं विक्रम भंसाली तथा जीगो के सुशील हीरावत की गरिमामय उपस्थिति रही। लकात्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा, कोषाध्यक्ष राजकुमार बरडिया, पूर्व अध्यक्ष अरविंद डागा, डॉ मुकेश सिन्हा, आशीष अग्रवाल, विजय सुराणा, सुनील सिंघी, कोलकाता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, सचिव गगन मुंधडा, चंद्रेश मेघानी, गौतम बेगानी, रंजीत सुराणा, सीटा के पूर्व अध्यक्ष कमल चंदगोठिया, ओम प्रकाश चांडक, सोहनलाल लोढा एवं श्याम सुंदर सदावरतीया आदि उपस्थित थे। इस मौके पर साइन डॉट इलेक्ट्रिकल्स के रजनीकांत अग्रवाल, शुभम अग्रवाल एवं शिवम अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का सत्कार किया और उनको नए प्रोडक्ट्स से अवगत करवाया। बंटी अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मेट्रो की शान बताकर महाप्रबंधक ने किया सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे को गौरवशाली बनाने में योगदान देने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुक्रवार को एक भावनात्मक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने 104 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें मेट्रो रेलवे की शान करार दिया। उन्होंने कहा कि इन कर्मियों की निष्ठा, मेहनत और सेवाभाव के कारण मेट्रो रेलवे को नयी ऊंचाइयां हासिल हुई हैं। इस सम्मान समारोह में मेट्रो रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# आरपीएफ मधुपुर ने ऑपरेशन रेल प्रहरी में वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़


**कोलकाता, समाज्ञा :** आसनसोल मंडल के अंतर्गत आरपीएफ मधुपुर पोस्ट ने ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत वाहन चोरी के एक बड़े मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। घटना 19/20 जुलाई 2025 की रात की है, जब मधुपुर स्टेशन परिसर से एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। घटना के तुरंत बाद सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच और सतर्क निगरानी के आधार पर उपनिरीक्षक डी. प्रसाद के नेतृत्व में आरपीएफ टीम ने 29 जुलाई 2025 को धनबाद निवासी आरोपी सुनील ठाकुर(28) को गिरफ्तार किया, जिसने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मधुपुर, गिरिडीह और धनबाद



क्षेत्र से कुल 16 बाइक चोरी करने की बात कबूल की। इस महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर 29/30 जुलाई की रात को आरपीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त छापेमारी में 14 चोरी की दोपहिया वाहन बरामद किए गए तथा तीन अन्य व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया, जिनमें चोरी की गाड़ियों का रिसीवर भी शामिल है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी, जिनमें आदतन अपराधी सुनील ठाकुर भी शामिल है, को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की गहन जांच आरपीएफ के पूर्ण सहयोग से जारी है।

# दमदम स्टेशन पर ट्रैक मरम्मत के चलते कई लोकल ट्रेनें रहेंगी रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के अंतर्गत दमदम जंक्शन स्टेशन की डाउन सबअर्बन लाइन पर ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते 2 अगस्त की रात 10:50 बजे से 3 अगस्त की सुबह 5:50 बजे तक कुल 7 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के कारण कई उपनगरीय लोकल ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। 2 अगस्त यानी आज सियालदह-बनगांव ( अप 33861/डाउन 33858) तथा सियालदह-नैहाटी (अप 31447/डाउन 31450) लोकल ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं, 3 अगस्त (रविवार) को सियालदह से कल्याणी सीमांत, नैहाटी, हाबरा,



डानकुनी, बारासात, राणाघाट और बनगांव जाने वाली कुल सात उपनगरीय सेवाएं रद्द रहेंगी, जिनमें संबंधित अप और डाउन ट्रेनों की संख्या भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, डाउन 33812 बनगांव-सियालदह लोकल ट्रेन को 3 अगस्त को दमदम कैंट स्टेशन पर ही समाप्त किया जाएगा, जबकि अप 33813 सियालदह-बनगांव लोकल ट्रेन का संचालन दमदम कैंट से सुबह 4:45 बजे शुरू किया जाएगा।

# अभिषेक बनर्जी की वर्चुअल बैठक आठ के बजाय पांच अगस्त को होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पार्टी पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय ऑनलाइन बैठक तय समय से तीन दिन पहले ही आयोजित करने फैसला लिया है, जिससे पार्टी में अचानक बदलाव को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। पहले यह बैठक आठ अगस्त से निर्धारित थी लेकिन अब यह पांच अगस्त को होगी। इस बैठक में पार्टी के लगभग चार हजार नेता, जन प्रतिनिधि और जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। हालांकि, पार्टी ने बैठक के कार्यक्रम में बदलाव के लिए कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया है, लेकिन सूत्रों ने पुष्टि की है कि यह निर्णय सीधे अभिषेक बनर्जी



की ओर से लिया गया है। टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, यह बदलाव कई कारकों के कारण हुआ है, जिसमें आठ अगस्त को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का झाड़ग्राम का निर्धारित दौरा भी शामिल है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री के दौरे के दिन ही एक बड़ी ऑनलाइन बैठक आयोजित करने से स्थानीय नेताओं के बीच भ्रम या ध्यान बंट सकता था। अभिषेक कोई मिला-जुला संकेत नहीं देना चाहते थे। बैठक में मतदाता सूची के बहुप्रतीक्षित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए संगठनात्मक तैयारियों पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। इस बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित लोगों में टीएमसी के सभी सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष, महापौर, उप महापौर, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, कोलकाता नगर निगम के पार्षद, राज्य समिति के सदस्य, सभी प्रमुख संगठनों के नेता और उत्तर कोलकाता तथा बीरभूम की कोर समिति के सदस्य शामिल हैं।

## आसनसोल में आम की पेटी में छिपाकर जाली नोटों की तस्करी

**आसनसोल :** राज्य में जाली मुद्रा तस्करी का एक मामला सामने आया है। गुरुवार की सुबह आसनसोल के जुबिली पेट्रोल पंप के पास स्थित एसबीएसटीसी बस स्टैंड से पश्चिम बंगाल स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने छापेमारी कर जाली नोटों की बड़ी खेप जब्त की। कार्रवाई के दौरान निटुरिया (पुरुलिया) निवासी राजेन्द्र कुमार यादव (63) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 500 मूल्यवर्ग के कुल 196 जाली नोट बरामद किए गए, जिनकी कुल अंकित राशि 98,000 है। पुलिस को पता चला है कि ये नकली नोट मालदा शहर से लाए गए थे और उन्हें आम की पेटी में छिपाकर तस्करी की जा रही थी। आरोपियों ने मालदा से आम से भरे बॉक्स प्राप्त कर इन्हें आसनसोल तक पहुंचाया था। इस संबंध में, आसनसोल उत्तर थाना में एक मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस घटना के पीछे किसी संगठित जाली मुद्रा गिरोह का हाथ हो सकता है।

# धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर छह एक्सप्रेस ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल अंतर्गत यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने छह एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए भंडारीदह, छिपादोहर, ओबरा डैम, बरवाडीह, गुड़पा, गुंजनदी, फुलवरटांड़ और बोकारो थर्मल स्टेशनों पर दो-दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया है। इसके तहत,

11447 जबलपुर-हावड़ा एक्सप्रेस 2 अगस्त से भंडारीदह, छिपादोहर और ओबरा डैम पर रुकते हुए जाएगी, जबकि 11448 हावड़ा-जबलपुर एक्सप्रेस उसी दिन से भंडारीदह, छिपादोहर और ओबरा डैम स्टेशनों पर ठहरेगी। 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 4 अगस्त से बरवाडीह और ओबरा डैम पर रुकेगी। 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 6 अगस्त से बरवाडीह और ओबरा डैम स्टेशन पर ठहरेगी।

13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 2 अगस्त से गुड़पा और गझंडी रेलवे स्टेशन पर रुकेगी, वहीं, 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस उसी दिन से गुड़पा और गझंडी स्टेशन पर ठहरेगी। 13403 रांची-भागलपुर एक्सप्रेस 2 अगस्त से फुलवरटांड़, 18603 रांची-भागलपुर एक्सप्रेस उसी दिन से फुलवरटांड़ और 18604 भागलपुर-रांची एक्सप्रेस 3 अगस्त से फुलवरटांड़ पर रुकेगी। 19607 कोलकाता-मदार जं. एक्सप्रेस 7 अगस्त से बोकारो थर्मल जबकि 19608 मदार जं.-कोलकाता एक्सप्रेस 4 अगस्त से बोकारो थर्मल पर ठहरेगी।

यह अतिरिक्त ठहराव रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

# महारास मानवीय नहीं ईश्वरीय लीला : स्वामी गिरीशानंद महाराज

**कोलकाता :** भगवान कृष्ण ने गोपियों के संग जो महारास किया था ,वह मानवीय लीला नहीं ईश्वरीय लीला है।भगवान कृष्ण परमात्मा है तो गोपियां जीवात्मा है।सारा संसार श्रीकृष्ण को याद करता है पर भगवान कृष्ण गोपियों को याद करते हैं।सोचिए गोपियों का जीवन कितना दिव्य और पवित्र होगा। गोपियों का जीना और मरना कृष्ण के लिए था।महारास के समय जब गोपियों को इस बात का अभिमान हो गया कि मेरे सौन्दर्य के चलते महारास हो रहा है तो कृष्ण अचानक गायब हो गए।जब गोपियों को इस बात का पता चला तो कृष्ण के वियोग में रोने लगी ।अंत में किशोरी जी के संग कृष्ण को पुकारने लगी वही गोपी गीत बना।अंत में गोपियों के समर्पण प्रेम को देखकर पुन: भगवान कृष्ण महारास में प्रकट हुए।भगवान के मार्ग में अभिमान बाधक होता है।भगवान कृष्ण ने गोपियों के पूछने पर कहा कि जो प्रेम के बदले प्रेम करे उसे व्यवहार कहते है।जो बिना रिटर्न गिफ्ट लिए प्रेम करता है,जैसा माता,पिता,गुरु करता है,वह दिव्य प्रेम होता है। अंत में भगवान कृष्ण गोपियों से कहते हैं ,अरे!तुम्हारा निश्चल प्रेम है।यह महारास न करता तो तुम्हारे अंदर मक्खन रूपी मेरा प्रेम है,वह कैसे प्रकट होता। महारास दिव्य प्रेम लीला है।महारास प्रसंग को सुनने से हृदय की समस्त कामनाएं समाप्त हो जाती है और हृदय में दिव्य कृष्ण-प्रेम प्रकट हो जाता है। ये बातें सीताराम-श्याम सुंदर लोहिया परिवार के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए स्वामी



गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने सफ्फायर सभागार में कही। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का रूक्मणी के संग धूमधाम से विवाह मनाया गया। कथा के मुख्य यजमान मायादेवी-ओम प्रकाश लोहिया ने व्यासपीठ का पूजन किया। कृति-आशीष लोहिया व नेहा-विनीत लोहिया ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम तिवारी ने किया।इस अवसर पर दर्शन केसरी स्वामी मुक्तानंद महाराज, मुरारीलाल दीवान, अरविन्द नेवर,सीमा सुरक्षा बल,पूर्वी क्षेत्र के कमांडेंट मनोज राय,संगीता राय,बाबू लाल दीवान, सज्जन सिंघानिया, राजू चौधरी,सावित्री लोहिया, बबीता दीवान, प्रभात पंसारी, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल,ओमप्रकाश अग्रवाल,सावित्री-महावीर प्रसाद रावत सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राम राज्य न्याय, समानता, समृद्धि और खुशहाली पर आधारित है : ब्रह्माश्रम महाराज

**कोलकाता :** सत्संग भवन में पधारे दण्डीस्वामी ब्रह्माश्रम जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा राम राज्य, भारतीय राजनीतिक और सामाजिक दर्शन में एक आदर्श राज्य की अवधारणा है, जो न्याय, समानता, समृद्धि और खुशहाली पर आधारित है। सभी प्रेमपूर्वक रहते हैं और सभी को समान अधिकार प्राप्त होते हैं। राम राज्य में न्याय सर्वोपरि होता है। हरिद्वार से पधारे ब्रह्माश्रम जी महाराज ने कहा राम राज्य में धर्म का पालन किया जाता है, लोग



सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हैं। राम राज्य में नैतिकता और सदाचार का पालन किया जाता है। देश के नागरिक एक-दूसरे के साथ प्रेम और सद्भाव से रहते हैं। राम राज्य में राजा अपनी प्रजा के कल्याण के लिए समर्पित होता है। वह हमेशा अपनी प्रजा के जीवन में सुख एवम् शान्ति के लिए कार्य करता है। श्री माथुरवैश्य समाज, पूर्वांचल मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता (कपूरवाले), पण्डित जय प्रकाश शास्त्री, सज्जन वर्मा, राजू शर्मा, अभय पाण्डेय एवम् श्रद्धालु भक्तों ने स्वामी जी का स्वागत किया। सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, दीपक मिश्रा ने श्रद्धालु भक्तों से दैनिक कथा - प्रवचन में उपस्थित रह कर पुण्य अर्जित करने का निवेदन किया।

# स्वच्छता संकल्प के साथ हावड़ा मंडल में 78वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेल द्वारा देशभर में स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 1 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक पखवाड़े भर चलने वाले स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान की शुरुआत स्वच्छता संकल्प कार्यक्रमों के माध्यम से की गई, जो मंडल के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का नेतृत्व डीआरएम संजीव कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने स्वच्छता को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अभियान के उद्घाटन दिवस की मुख्य विशेषता डीआरएम कार्यालय भवन के सम्मेलन कक्ष में



आयोजित स्वच्छता संकल्प समारोह रहा, जहां संजीव कुमार के साथ सभी शाखा अधिकारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। यह आयोजन शीर्ष नेतृत्व द्वारा स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्र गौरव को समर्पित सामूहिक संकल्प का प्रतीक रहा। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मंडल में गहन सफाई अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, सार्वजनिक सहभागिता की पहल, तथा स्टेशनों, कार्यालयों, कॉलोनियों एवं रेलवे परिसरों में निरीक्षण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों और आम जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

# सियालदह स्टेशन पर विभिन्न सेक्शनों की ट्रेनों के लिए आरक्षित प्लेटफार्म तय

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में शामिल सियालदह स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें सुगम व सुरक्षित यात्रा अनुभव देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रतिदिन 15 से 18 लाख यात्रियों को सेवा देने वाले इस स्टेशन पर अब विभिन्न उपनगरीय रेल सेक्शनों की ट्रेनों का संचालन निर्धारित प्लेटफार्मों से किया जाएगा। यह व्यवस्था सियालदह मंडल द्वारा पीक ऑवर्स के दौरान प्रभावी यातायात प्रबंधन, सुरक्षा और समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई है।

इस नई प्रणाली के अंतर्गत प्लेटफार्म 1 से 5 मुख्य लाइन सेक्शन (कृष्णनगर, गेदे, शांतिपुर, राणाघाट, नैहाटी, कल्याणी सीमांत, बैरकपुर) की ट्रेनों को समर्पित रहेंगे। प्लेटफार्म 5 से 8 डानकुनी व बारुइपाड़ा की सीसीआर सेक्शन की ट्रेनों के लिए आरक्षित किए गए हैं। प्लेटफार्म 6 से 10 सेंट्रल सेक्शन (बनगांव, हासनाबाद, ठाकुरनगर, दमदम कैंट आदि) की ट्रेनों के लिए तय किए गए हैं। प्लेटफार्म 9 व 11 से 14 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को तथा प्लेटफार्म 15 से 21 सियालदह साउथ सेक्शन की ट्रेनों को संचालित करेंगे। इस बदलाव से प्लेटफार्मों पर यात्रियों की भीड़ नियंत्रित होगी, क्रॉस मूवमेंट में कमी आएगी और यात्रियों को अधिक सुरक्षित एवं आरामदायक अनुभव मिलेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे घोषणाओं और संकेतों का पालन करें, जिससे यह व्यवस्था प्रभावशाली साबित हो सके।

# नदिया में हथियारों की मिली खेप, पूजा से पहले अशांति फैलाने की आशंका

**कोलकाता :** नदिया जिले में पूजा से पहले बड़े नक्सली या आपराधिक साजिश की आशंका को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। चाकदह थाना क्षेत्र के दरापपुर शीतलातला गांव में एक गोदाम से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार रात चाकदह थाने को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर एक विशेष टीम ने गांव स्थित एक गोदाम पर छापा मारा। यहां से प्रियांशु विश्वास नाम के युवक को हिरासत में लिया गया, जिसकी निशानदेही पर गोदाम से एक देसी 7 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन, चार राउंड कारतूस, एक विशाल तलवार और एक धारदार हथियार बरामद



किया गया। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। हाल के दिनों में राणाघाट पुलिस जिले से बार-बार हथियार मिलने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे यह संदेह गहराया है कि कहीं पूजा से पहले कोई बड़ी आपराधिक साज़िश तो नहीं रची जा रही। शुक्रवार को चाकदह थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी सिद्धार्थ धापोला और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है।

# असली आधार कार्ड सेंटर की आड़ में चल रहा था फर्जी आधार बनाने का रैकेट

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को दिए जा रहे थे कार्ड, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस रैकेट का संचालन एक वैध आधार केंद्र की आड़ में किया जा रहा था। आरोपितों के नाम शेख मिराज हुसैन और अब्दुल कुद्दूस शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि इन लोगों ने बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के भी आधार कार्ड बनाए हैं। दोनों को




बीरभूम ज़िले में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया है। एसटीएफ के एक अधिकारी ने शुक्रवार की सुबह बताया कि दोनों को गुरुवार को हिरासत में लिया गया था और लंबी पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह फर्जीवाड़ा कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास से किया जा रहा था, लेकिन इसमें बीरभूम स्थित एक वैध आधार केंद्र के लैपटॉप का उपयोग हो रहा था। गिरोह के सदस्य पहले उस लैपटॉप की मैक-आईडी को नकली तरीके से बदलते थे, जो विशेष रूप से आधार केंद्र के लिए निर्धारित थी। इसके बाद, जीपीएस लोकेशन को भी बदलकर यह दिखाया जाता था कि काम बीरभूम से किया जा रहा है, जबकि असल में यह कोलकाता एयरपोर्ट के पास से संचालित हो रहा था। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, फिंगरप्रिंट के सत्यापन की प्रक्रिया को भी रिमोट लोकेशन से बदल दिया गया था, ताकि यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) को धोखा दिया जा सके। पुलिस को संदेह है कि इस तकनीक के जरिए बड़ी संख्या में अवैध रूप से भारत में घुसे बांग्लादेशियों को भारतीय आधार कार्ड जारी किए गए होंगे। आरोपितों के कब्जे से कई लैपटॉप जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच के बाद यह पता लगाया जाएगा कि अब तक कितने फर्जी आधार कार्ड बनाए जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, इस मामले में बीरभूम के अलावा उत्तर 24 परगना जिले के बिराटी क्षेत्र और उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति की संलिप्तता भी सामने आई है। उसकी तलाश जारी है।

## बार-बार नबान्ना अभियानों से ठप हो रहा जनजीवन! पर्यावरण कार्यकर्ता दायर करेंगे जनहित याचिका

**हावड़ा :** बार-बार नबान्ना अभियान की वजह से हावड़ा शहर का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। राजनीतिक और गैर-राजनीतिक संगठनों द्वारा बार-बार नबान्ना कूच के चलते सड़कें जाम हो जाती हैं, नागरिकों की यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है, और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी मुद्दे को लेकर हावड़ा निवासी और पर्यावरण कार्यकर्ता सुभाष दत्ता अब कोलकाता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करने जा रहे हैं।

याचिका दाखिल करने से पहले गुरुवार को उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, हावड़ा जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को स्मारक पत्र सौंपा है।



**सुभाष दत्ता का आरोप है कि**

❑ बार-बार होने वाले इन अभियानों की वजह से पुलिस को बैरिकेडिंग, अतिरिक्त बल तैनात करने और यातायात को नियंत्रित करने में करोड़ों रुपये खर्च करने पड़ते हैं, जिसका बोझ आम जनता पर पड़ता है।

❑ ये अभियान हावड़ा ब्रिज, जीटी रोड, फोरशोर रोड, कोना एक्सप्रेसवे जैसे मुख्य मार्गों को पूरी तरह अवरुद्ध कर देते हैं, जिससे न तो आम लोग पैदल चल पाते हैं, न ही एम्बुलेंस जैसी जरूरी सेवाएं चलती हैं।

❑ स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी खासा परेशानी झेलनी पड़ती है।

उन्होंने मांग की है कि इन अभियानों से जुड़ा खर्च अब राजनीतिक दलों से वसूला जाए, क्योंकि ये खर्च उनके कारण हो रहा है, न कि आम जनता की वजह से।

सुभाष दत्ता का कहना है कि 2013 से जब से राज्य सरकार का प्रशासनिक मुख्यालय हावड़ा स्थित नबान्ना में स्थानांतरित हुआ है, तब से ये प्रदर्शन और अभियान लगातार बढ़े हैं और इसका खामियाजा हावड़ा के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

अब सभी की नजरें हाईकोर्ट की उस जनहित याचिका पर टिकी हैं, जिसे सुभाष दत्ता जल्द ही दाखिल करने जा रहे हैं।

### हावड़ा में पुल निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से श्रमिक की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर के पाटीहाल इलाके में गुरुवार शाम पुल निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से एक श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुर्शिदाबाद निवासी उत्तम माझी के रूप में हुई है। बताया गया कि भारी बारिश के बीच काम करते समय वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि हादसा तकनीकी लापरवाही से हुआ या मौसम जनित कारणों से। अनुमान है कि बारिश के कारण विद्युत संपर्क से यह हादसा हुआ। यह इस साल राज्य में भारी बारिश के कारण करंट लगने से हुई पहली मौत है।

## अचानक बेनाचिती बाजार पहुंचे राज्यपाल



**दुर्गापुर :** राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस शुक्रवार की सुबह अचानक दुर्गापुर के बेनाचिती बाजार पहुंच गए। अचानक राज्यपाल को बाजार में देखकर मौजूद लोगों में आश्चर्य और खुशी देखी गई। राज्यपाल ने सबसे पहले एक चाय की दुकान पर कुल्हड़ में चाय स्वाद लिया। उसके बाद, उन्होंने कई सब्ज़ी विक्रेताओं से बातचीत की और सब्जी खरीदी। दुकानदारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बाज़ार में आया हूं, लोगों की समस्याएं समझने के लिए आया हूं, बहुत कुछ देखा, बहुत कुछ समझा, इसके आधार पर उचित कदम उठाए जाएंगे। सब्जी की खरीददारी पूरी करने के बाद उन्होंने विक्रेताओं को चॉकलेट दिया और बाजार से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

## राज्य भाजपा एसआईआर की मांग को उचित ठहराने के लिए 1947 के विभाजन के दर्द का करेगी उल्लेख

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की अपनी मांग को उचित ठहराने के लिए विभाजन के दर्द का उल्लेख करते हुए राज्यव्यापी अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को आयोजित पार्टी की बैठक में जिले के नेताओं को इस निर्णय से औपचारिक रूप से अवगत कराया गया। इससे पहले हाल ही में राज्य कोर कमेटी की बैठक हुई थी, जिसमें प्रत्येक जिले में सेमिनार और कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा



कि इसमें 1947 के विभाजन और उसके बाद पूर्वी पाकिस्तान से तथा 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान भागकर आए बंगाली हिंदुओं की दुर्दशा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर भाजपा पदाधिकारियों से भावनात्मक सवाल उठाने को कहा गया है: क्या विभाजन के पीड़ितों को दरकिनार कर दिया जाना चाहिए, जबकि जाली कागजात वाले घुसपैठियों को बंगाल के चुनावी भाग्य को तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए? राज्य अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य द्वारा ज़िला इकाइयों को दिये गये संदेश का उल्लेख करते हुए पार्टी के एक अन्य नेता ने कहा, ''ये वे लोग हैं जिन्हें मतदाता सूची में होना चाहिए, न कि वे जो कल ही सीमा पार कर आए हैं। भाजपा के अनुसार, फर्जी नामों को हटाने के लिए एसआईआर आवश्यक है, विशेषकर सीमावर्ती जिलों जैसे उत्तर 24 परगना, मालदा, नादिया और मुर्शिदाबाद में।

## रवींद्रभारती और कोचबिहार विश्वविद्यालय को मिले नए कुलपति, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**कोलकाता :** लंबे समय से चल रही अनिश्चितता के बाद रवींद्रभारती विश्वविद्यालय और कोचबिहार विश्वविद्यालय को आखिरकार नए कुलपति मिलने जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोनों विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त करने का निर्देश दिया।

रवींद्रभारती विश्वविद्यालय की नई कुलपति होंगी डॉ. सोनाली चक्रवर्ती बंद्योपाध्याय, जबकि कोचबिहार विश्वविद्यालय के कुलपति बनाए गए हैं डॉ. संचारि मुखोपाध्याय।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में कुल 36 विश्वविद्यालय हैं, जिनमें से अब तक 19 विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष 17 विश्वविद्यालयों को लेकर गतिरोध बना हुआ था, जिनमें जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता



विश्वविद्यालय, और रवींद्रभारती विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि शेष 15 विश्वविद्यालयों में भी चयन समिति के माध्यम से शीघ्र ही कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

यह निर्णय राज्य के उच्च शिक्षा ढांचे में स्थिरता लाने और शिक्षा व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## बेटे की गैरमौजूदगी में सास ने की बहू को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या की साजिश

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बनगांव से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां पति के विदेश में रहने के दौरान पत्नी को ससुराल में लगातार प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगा है। आरोप है कि, सास ने बहू को जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में सास भारती मजूमदार को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य संभावित आरोपियों की भी जांच शुरू कर दी है। मसलंदपुर निवासी पल्लवी मजूमदार की कुछ साल पहले गाइघाटा के गाजीपुर में शादी हुई थी। पल्लवी के पति काम के कारण मलेशिया में हैं और वह ससुराल में ससुर-सासुर के साथ रहती थीं। आरोप है कि ससुराल वाले बहू पर शारीरिक और मानसिक अत्याचार करते थे। पल्लवी के मायके वाले इस अत्याचार के खिलाफ कई



बार विरोध कर चुके हैं। आरोप है कि गुरुवार को ससुराल वालों ने पल्लवी को जहरीला पदार्थ खिलाया। घटना के बाद पल्लवी की हालत बिगड़ गई, जिसे पहले बनगांव अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे बारासत जिला अस्पताल और फिर एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिवार ने गाइघाटा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने गिरफ्तार सास भारती मजूमदार को अदालत में पेश किया है। जांच में अन्य शामिल व्यक्तियों की भी पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## स्वास्थ्य साथी कार्ड पर अब मुफ्त में होगी बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा

❑ **थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज को मिलेगा बल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अब राज्य में स्वास्थ्य साथी कार्ड धारकों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी जटिल और महंगी चिकित्सा सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार ने इस संबंध में बड़ा निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि सरकारी अस्पतालों में यह इलाज बिना किसी शुल्क के किया जाएगा। फिलहाल, राज्य के नौ अस्पतालों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है, जिनमें से दो अस्पताल सरकारी हैं। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनआरएस अस्पताल प्रशासन की ओर से ही स्वास्थ्य साथी योजना के तहत बोन मैरो ट्रांसप्लांट को शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया था। इस प्रस्ताव को अब औपचारिक रूप से स्वीकृति दे दी गई है। एनआरएस अस्पताल के हेमेटोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर तुफानकांति दलुई ने बताया कि सिर्फ उनके अस्पताल में ही 60 मरीजों का ट्रांसप्लांट किया जाना प्रस्तावित है।

डॉक्टरों के अनुसार, निजी अस्पतालों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की लागत आठ लाख से 20 लाख तक होती है, जो आम लोगों के लिए बहुत बड़ी राशि है। ऐसे में स्वास्थ्य साथी योजना के तहत यह सुविधा मिलने से हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। खासकर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों में अगर सात वर्ष की उम्र के भीतर ट्रांसप्लांट किया जाए, तो उपचार की सफलता दर 90 प्रतिशत तक होती है।

## मैट्रिमोनी साइट पर नजदीकी का झांसा, होटल में युवक को लूटा, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑनलाइन मैट्रिमोनी साइट के जरिए नजदीकी बढ़ाकर होटल में बुलाए गए एक युवक को कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर लूटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने इस मामले में एक युवती और उसके सहयोगी बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया है। आशंका है कि दोनों किसी अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह से जुड़े हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ित युवक एक निजी कंपनी में कार्यरत है। हाल ही में उसने विवाह का फैसला किया और एक मैट्रिमोनी वेबसाइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई। इसी प्लेटफॉर्म के जरिए उसकी एक युवती से बातचीत शुरू हुई, जो बाद में



नजदीकियों में बदल गई। इसके बाद दोनों ने 27 जुलाई को एयरपोर्ट के ढाई नंबर गेट के पास एक होटल में मिलने का समय तय किया।

होटल में मुलाकात के दौरान युवती ने युवक को वॉशरूम भेजकर कॉफी तैयार की, जिसमें कथित रूप से नशीला पदार्थ मिला हुआ था। कॉफी पीते ही युवक बेहोश हो गया। कई घंटे बाद जब वह होश में आया, तो देखा कि उसका मोबाइल, पैसे और बैग गायब हैं, और युवती भी फरार हो चुकी है। इसके बाद युवक ने होटल स्टाफ की मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

जांच के दौरान पुलिस ने होटल का सीसीटीवी फुटेज खंगाला और युवक से मिले फोन नंबर की मदद से युवती को ट्रैक कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लूटा गया सामान अपने बांग्लादेशी साथी को सौंपती थी। पुलिस ने उस युवक को दमदम कैंटोनमेंट से गिरफ्तार किया और उसके पास से पासपोर्ट व वीजा बरामद किया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

### अश्लील वीडियो दिखाकर छात्रा से छेड़छाड़, कार्यवाहक प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिमा के इंद्र नारायणपुर हाई स्कूल में एक छात्रा से अश्लीलता और छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम स्वपन बारिक है। शुक्रवार दोपहर को आरोपी को काकद्वीप महकमा अदालत में पेश किया गया। घटना के विरोध में शुक्रवार दोपहर मथुरापुर सांगठनिक जिले की भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल भाजपा नेताओं के साथ पीड़ित छात्रा के घर पहुंचीं। शुक्रवार शाम करीब साढ़े तीन बजे अग्निमित्रा पॉल ने आरोपी कार्यवाहक प्रधानाचार्य को कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर ढोलहाट थाने के सामने सड़क पर भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ धरना दिया। धरने के चलते ढोलहाट जुमाई नस्कर रोड पर करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। बाद में पुलिस के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया। इसके बाद अग्निमित्रा पॉल ने थाना प्रभारी (आईसी) से मुलाकात कर आरोपी शिक्षक को सख्त सजा दिलाने की मांग की।

### कूचबिहार निवासी को एक और एनआरसी नोटिस

**कूचबिहार :** जिले के तूफानगंज के रामपुर दो नंबर ग्राम पंचायत क्षेत्र के दक्षिण रामपुर गांव के निवासी दीपंकर सरकार को असम सरकार से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से संबंधित एक नोटिस मिला है। दीपंकर के अनुसार, वह लगभग दो-तीन साल पहले काम के लिए असम गए थे, लेकिन बाद में खेती करने के लिए अपने गांव लौट आए। बताया जा रहा है कि उन्हें कुछ दिन पहले यह नोटिस मिला था, लेकिन शुरुआत में उन्होंने डर के मारे किसी को इसकी जानकारी नहीं दी। बाद में स्थानीय प्रशासन के ध्यान में उन्होंने यह यह मामला दिया।

## कोलकाता हाईकोर्ट का सख्त रुख: शमशेरगंज कांड की जांच जल्द पूरी करने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने शमशेरगंज कांड को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए विशेष जांच दल (डखढ) को निर्देश दिया है कि मामले की जांच हर हाल में अगली सुनवाई से पहले पूरी की जाए। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने साफ कहा है कि इस संवेदनशील मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अदालत ने कहा कि अप्रैल से अब तक चार महीने बीत चुके हैं, अब और देर नहीं की जा सकती। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर अदालत ने गहरी नाराजगी जताई और राज्य पुलिस के डीजी से जांच की प्रगति रिपोर्ट भी तलब की है। हाईकोर्ट ने साफ कर दिया कि कानून के मुताबिक कठोर कदम उठाए जाएं



और जांच में कोई ढिलाई न बरती जाए। घटना के बाद मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज में हिंसा के मद्देनजर 10 कंपनियों की बीएसएफ तैनात की गई थी, जिसे अगली सुनवाई तक जारी रखने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि गुटीय और राजनीतिक संघर्ष में हरगोबिंद दास और उनके बेटे चंदन दास की मौत हो गई थी। पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठे थे। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई सात हफ्ते बाद तय की है और तब तक जांच रिपोर्ट मांगी है।

### 35 लाख की बीमा और लॉटरी ठगी मामले में मुख्य सरगना गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के खानाकुल में एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर हुगली ग्रामीण पुलिस ने एक बड़े बीमा और लॉटरी ठगी रैकेट का पर्दाफाश किया है, जिसमें कुल ठगी की रकम करीब 35 लाख बताई जा रही है। इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत खानाकुल थाने में शिकायत दर्ज हुई है। हुगली ग्रामीण साइबर क्राइम थाना की एक विशेष टीम ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को मुख्य आरोपी सौरव आचार्य को हावड़ा के निश्चिंदा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया है कि बीमा पॉलिसी लैप्स हो जाने की बात कहकर या लॉटरी जीतने का झांसा देकर लोगों से ठगी की जाती थी। पुलिस ने कई मोबाइल, सिम कार्ड विभिन्न बैंकों के पासबुक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए है। पीड़ित को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कुछ राशि वापस भी मिली है। बाकी की राशि की बरामदगी को लेकर जांच जारी है। इस दिन, आरोपी को आरामबाग अदालत में पेश किया गया, जहां 4 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की गई।

## 4 नंबर रेल गेट पर भीषण जाम, दिल्ली रोड से जीटी रोड तक जनजीवन प्रभावित

**हुगली, समाज्ञा :** शुक्रवार शी शाम 4 नंबर रेलवे गेट पर लगा भारी जाम आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया। चार नंबर रेल गेट, जीटी रोड को दिल्ली रोड से जोड़ने का मुख्य मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से यह ऑटोमैटिक रेल गेट बनाया गया है, तब से जाम की समस्या और भी गंभीर हो गई है। ऑटोमैटिक सिस्टम के कारण फाटक अधिक समय तक बंद रहता है, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। दोनों तरफ एक बड़ी आबादी निवास करती है, जो इस मार्ग पर निर्भर है।

जाम की वजह से स्कूली बच्चे, मरीज, ऑफिस जाने वाले लोग और



व्यापारियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों की साफ मांग है कि प्रशासन को यहां एक वैकल्पिक व्यवस्था-जैसे ओवरब्रिज या अंडरपास-जल्द से जल्द बनानी चाहिए, ताकि बार-बार लगने वाले जाम से राहत मिल सके। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रैफिक पुलिस की उपस्थिति बेहद कम है और जाम की स्थिति में कोई तत्काल समाधान नहीं मिलता।

## टॉलीगंज-ब्रिजी खंड पर कोलकाता मेट्रो स्टेशनों की स्थिति पर रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपी गई

कोलकाता, समाज्ञा : अवसंरचना परामर्श कंपनी 'राइट्स' ने टॉलीगंज से शहीद खुदीराम खंड तक एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों की संरचनात्मक स्थिति को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट में विशेष रूप से आदि गंगा नहर पर बने खंभों की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन खंभों को संरचनात्मक रूप से सुरक्षित और बेहतर हालत में पाया गया है। हालांकि, यदि सार्वजनिक सुरक्षा के लिहाज से किसी तरह के बदलाव या समायोजन की जरूरत है, तो रेलवे बोर्ड इसका निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि शहीद खुदीराम-दक्षिणेश्वर खंड के सभी मेट्रो स्टेशनों की स्थिति अच्छी है, लेकिन मेट्रो रेलवे नियमित रूप से राइट्स के माध्यम से अपने स्टेशनों की संरचनात्मक स्थिति को लेकर सर्वेक्षण कराता रहता है। ब्लू लाइन के टर्मिनल कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन को बुनियादी ढांचे में दरार मिलने पर 28 जुलाई को बंद कर दिया गया था। इसके बाद यह घोषणा की गई कि शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित 15 साल पुराने न्यू गड़िया मेट्रो स्टेशन के 'अप प्लेटफॉर्म' को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा। इस बीच, मेट्रो ने इन दावों को खारिज किया कि भारी बारिश के बाद नींव धंसने के कारण ब्लू लाइन के कवि सुभाष स्टेशन में दरारें आईं। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि यह संरचना डीप-पाइल फाउंडेशन पर निर्मित है। मेट्रो प्रशासन ने कहा कि सभी डिज़ाइन से जुड़े निर्णय विस्तृत भू-तकनीकी जांच के आधार पर लिए जाते हैं, और संरचनात्मक मजबूती तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थापित इंजीनियरिंग मानकों का पालन किया जाता है। एक प्रवक्ता ने बताया कि कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन की नींव 22 मीटर गहराई तक 'डीप-पाइल फाउंडेशन' समूहों से बनाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे मरम्मत और पुनर्संरचना कार्य को नौ महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। फिलहाल, 32 किलोमीटर लंबी ब्लू लाइन पर ब्रिजी के शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवा चालू है।

## न्यूज अपडेट

### स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में किया मजबूत प्रदर्शन

**कोलकाता :** स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस) ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही में, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने 3,936 करोड़ रुपये का सकल लिखित प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) दर्ज किया, जो सालाना आधार पर (1/एन आधार पर) 13% की वृद्धि दर्शाता है। आईएफआरएस के अनुसार, कंपनी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) 438 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 44% की वृद्धि है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के लिए समग्र संयुक्त अनुपात आईएफआरएस आधार पर 99.6% रहा। यह प्रदर्शन खुदरा प्रीमियम में मजबूत वृद्धि और विवेकपूर्ण अंडरराइटिंग प्रथाओं के कारण संभव हुआ है। दावों का एनपीएस पिछले साल के 45.8 से बढ़कर 57 हो गया है। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, आनंद रॉय ने कहा, हमने वित्तीय वर्ष 26 की शुरुआत मजबूत तरीके से की है, हमारे मुख्य सेगमेंट में उत्साहजनक वृद्धि हुई है और पिछले दो वर्षों में हमने जो संरचनात्मक बदलाव किए हैं, उनसे हमें स्पष्ट लाभ मिला है।

### न्यू इंडिया फाउंडेशन ने अनुवाद फेलोशिप के लिए आमंत्रित किए आवेदन

**कोलकाता :** न्यू इंडिया फाउंडेशन ने 2025 सत्र के लिए अपनी ट्रांसलेशन फेलोशिप के तीसरे चरण की घोषणा कर दी है। इसके तहत देशभर के अनुवादकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 1 अगस्त 2025 से शुरू होंगे और 31 दिसंबर 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। यह फेलोशिप भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, क्योंकि इसका बड़ा हिस्सा आज भी क्षेत्रीय भाषाओं तक सीमित है। इस पहल पर बात करते हुए न्यू इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी श्रीनाथ राघवन ने कहा, भारत का इतिहास सिर्फ स्मारकों या संग्रहालयों में नहीं, बल्कि उन पुस्तकों में भी जीवित है, जो देश की अनेक भाषाओं में लिखी गई हैं। इन कृतियों में विचारकों, समाज सुधारकों, यात्रियों और आम नागरिकों की आवाजें दर्ज हैं-जिन्होंने राष्ट्र को देखने और समझने का नजरिया गढ़ा है। दुर्भाग्यवश, इन ग्रंथों को आज भी बहुत कम लोग पढ़ पाए हैं क्योंकि इनका अनुवाद अब तक नहीं हुआ। ट्रांसलेशन फेलोशिप के ज़रिए हम इन्हें नया जीवन देना चाहते हैं।

### अमेज़न के ग्रेट फ्रीडम फ़ेस्टिवल में कई श्रेणियों में उत्पादों पर शानदार डील्स

**कोलकाता :** 31 जुलाई, 2025 को दोपहर 12 बजे से लाइव अमेज़न.इन के बहुप्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम फ़ेस्टिवल के साथ अपनी पसंद की खरीदारी करें और आज़ादी का जश्न मनाएँ। ग्राहक एसबीआई बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई का उपयोग करके 10% तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं। प्राइम सदस्य अपने अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके असीमित 5% कैशबैक और 2,500 रुपये मूल्य के वेलकम रिवॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सहारनपुर में दो बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार, बेटे ने दर्ज कराई शिकायत

**सहारनपुर (उप्र) :** सहारनपुर जिले के गंगोह थाना क्षेत्र में दो बच्चों की मां एक 42 वर्षीय महिला अपने से कम उम्र के प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अपने पति की मृत्यु के बाद 42 वर्षीय महिला कथित तौर पर अपने दो बेटों को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने महिला के बड़े बेटे की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जैन ने कहा कि 18 वर्षीय उसके बड़े बेटे ने आरोप लगाया है कि उसकी मां 25 जुलाई को अपने दोस्तों के साथ पंजाब गई थी और वहां से अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।

### झारखंड के दुमका में भारी बारिश के बीच मकान ढहने से लड़के की मौत, बहन घायल

**दुमका :** झारखंड के दुमका जिले में शुक्रवार सुबह भारी बारिश के कारण मकान ढह जाने से 10 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई और उसकी बड़ी बहन घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना हंसाडीह थाना क्षेत्र के बामनखेता गांव में हुई। हंसाडीह पुलिस थाने के प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि बच्चे घर में थे और नाश्ता तैयार किया जा रहा था तभी ईंट और गारे से बनी दीवार उनके ऊपर गिर गई। उन्होंने कहा, स्थानीय लोगों ने मलबा हटाकर बच्चों को बचाया। एक बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए देवघर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अमन कुमार के रूप में हुई है। उसकी बहन मासूम कुमारी (14) भी इस घटना में घायल हो गई।

### महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ के आरोप में मंत्री का निजी सचिव निलंबित

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महिला कर्मचारी द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निजी सचिव जय किशन सिंह को निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि निजी सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। 'भागीदारी भवन' में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने बृहस्पतिवार को जय किशन सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और अधिकारी पर उससे छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के बाद गोमती नगर थाने में सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

### देवरिया में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को 20 वर्ष कारावास की सजा

**देवरिया :** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले की एक अदालत ने एक नाबालिग छात्रा को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने के पांच साल पुराने एक मामले में आरोपी शिक्षक को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। एक अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिवक्ता ने बताया कि दोषी शिक्षक पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। विशेष लोक अभियोजक सच्चिदानंद राय ने बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) की एक विशेष अदालत के न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने मामले में आरोपी धनंजय वर्मा उर्फ धनु को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। राय ने बताया कि लार कस्बा में रहने वाली छात्रा अपने पड़ोस में किराए पर रहने वाले धनंजय वर्मा के घर में प्रतिदिन कोचिंग पढ़ने जाती थी। अधिवक्ता ने बताया कि 20 अक्टूबर 2020 को आरोपी ने छात्रा का अपहरण कर लिया और उससे दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि नाबालिग लड़की ने 25 अक्टूबर को आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# प्रतिभाशाली युवा भविष्य को आकार दें, देश तकनीकी क्षेत्र में सुपरपावर बनने की राह पर: मुर्मू




**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को देश के प्रतिभाशाली युवाओं से अपनी तकनीकी शिक्षा का उपयोग समाज की भलाई के लिए करने का आह्वान किया और आग्रह किया कि वे अपनी उपलब्धियों को केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित ना रखें। झारखंड में धनबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-भारतीय खनि विद्यापीठ (आईआईटी-आईएसएम) के 45वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते समय राष्ट्रपति ने कहा कि देश तकनीकी क्षेत्र में सुपरपावर बनने की दिशा में अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने संस्थान पर विशेष लिफाफे सहित एक विशेष डाक टिकट जारी किया जो संस्थान के 100 गौरवशाली वर्षों की याद दिलाएगा। मुर्मू ने कहा, ''प्रतिभाशाली युवा मस्तिष्क को भारत के भविष्य को आकार देना चाहिए और सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। एक न्यायपूर्ण भारत, एक हरित भारत के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें जहां विकास पर्यावरण और प्रकृति की कीमत पर ना हो। भविष्य में आप जो भी करें, उसमें आपकी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ आपकी सहानुभूति, उत्कृष्टता और नैतिकता भी झलकनी चाहिए।'' राष्ट्रपति ने कहा कि केवल नवाचार ही नहीं, बल्कि करुणा से प्रेरित नवाचार दुनिया को बेहतर बनाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक तकनीकी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार और 'स्टार्टअप' पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा, ''भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके विशाल मानव संसाधन हैं। तकनीकी शिक्षा तक बढ़ती पहुंच और डिजिटल कौशल का प्रसार देश को एक तकनीकी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। भारत की शिक्षा प्रणाली को और अधिक व्यावहारिक, नवाचार-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाने से देश के युवाओं की प्रतिभा को सही दिशा मिलेगी और वे वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ सकेंगे।'' मुर्मू ने कहा कि देश और दुनिया जलवायु परिवर्तन और संसाधनों की कमी से लेकर डिजिटल व्यवधान और सामाजिक असमानता तक कई जटिल और तेजी से बदलती चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आईआईटी-आईएसएम जैसे संस्थान का मार्गदर्शन और भी महत्वपूर्ण है।

### बिहार पुलिस ने सरकारी नौकरियों में अधिवास नीति की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में सरकारी नौकरियों में अधिवास नीति लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने यातायात को बाधित करने की भी कोशिश की। हालांकि नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों को बाद में रिहा कर दिया गया। छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रतिभागी स्थानीय युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 90 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर गांधी मैदान के निकट एकत्र हुए। पटना (मध्य) की पुलिस अधीक्षक दीक्षा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'गांधी मैदान के निकट सड़क से हटने से इनकार कर रहे कुछ प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।' नौकरी के इच्छुक लोगों के बीच अधिवास नीति की मांग लंबे समय से एक मुद्दा रही है। हालांकि, राज्य सरकार ने बार-बार ऐसी किसी नीति से इनकार किया है और कहा है कि ऐसा कोई भी कदम संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध होगा। 'अधिवास नीति' के लिए बढ़ते हंगामे के बीच नीतीश कुमार मंत्रिमंडल ने हाल में आदेश दिया था कि सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण अब केवल बिहार के स्थायी निवासियों पर ही लागू होगा।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान में मानसून मेहरबान, जुलाई में 77 प्रतिशत अधिक बारिश



**जयपुर :** राजस्थान में इस साल मानसून मेहरबान है और लगभग पूरे राज्य में अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई माह में राज्य में औसत से 77 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राजस्थान में जुलाई माह के दौरान 285 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह दीर्घकालीन औसत (एलपीए) से 77 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले राज्य में जुलाई माह के दौरान सर्वाधिक बारिश 1956 में 308 मिलीमीटर दर्ज की गई थी। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने इस साल सामान्य से सात दिन पहले 18 जून को राज्य में दस्तक दी थी। उसके बाद से ही राज्य में दो तीन दौर में अच्छी बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार अगस्त महीने में राज्य के दक्षिणी व दक्षिण पश्चिमी भागों में सामान्य से कम बारिश होने तथा शेष अधिकांश भागों में सामान्य बारिश होने की संभावना है। हालांकि आज शुक्रवार को शेखावाटी क्षेत्र व बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। वहीं शेष अधिकांश भागों में भारी बारिश से राहत मिलने की संभावना है। दो अगस्त को राज्य के अधिकांश भागों में भारी बारिश से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि, उत्तर-पूर्वी राजस्थान के भरतपुर व जयपुर संभाग के कुछ भागों में 3 से 6 अगस्त के दौरान मध्यम से भारी बारिश होगी।

### झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान किसानों, कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरेगी भाजपा

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी की झारखंड इकाई ने शुक्रवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान भारी बारिश की वजह से फसल नुकसान के कारण किसानों की दुर्दशा, कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और धर्मांतरण सहित विभिन्न मुद्दों पर झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला करने का फैसला किया। पार्टी ने दिन में प्रदेश पार्टी प्रमुख बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक में मानसून सत्र के लिए रणनीति पर चर्चा की। मानसून सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ और सात अगस्त को समाप्त होगा। भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि गठबंधन सरकार विकास कार्यों के बजाय नाम बदलने पर अधिक ध्यान दे रही है। जायसवाल ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदल दिया गया। हाल ही में, अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लिनिक कर दिया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान नेताओं का अपमान करके, सरकार 'मदरसा से टेरेसा' की यात्रा पर निकलना चाहती है। यह धर्मांतरण को बढ़ावा देने की एक चाल के अलावा और कुछ नहीं है।

### लखनऊ में सर्किल दरों में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सर्किल दरों में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी है और नई दरें एक अगस्त से लागू होंगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सहायक महानिरीक्षक (स्टांप) रमेश चंद ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि, सर्किल दरों में 10 साल बाद संशोधन किया गया है। पिछली बार 2015 में संशोधन किया गया था। जहां तक लखनऊ में संपत्ति की कीमतों में औसत वृद्धि का सवाल है, कृषि भूमि की कीमत में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आवास (गैर-कृषि) के लिए भूमि की कीमतों में 20 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। उन्होंने आगे कहा कि दरों में संशोधन क्षेत्र विशेष की क्षमता के अनुसार किया गया है। रमेश चंद ने कहा कि इस वर्ष के संशोधन में प्रतिशत वृद्धि की मात्रा लगभग 2015 के समान ही है। यह संशोधन तीन मानदंडों पर किया गया है। पहली श्रेणी नौ मीटर से कम चौड़ी सड़क पर स्थित गैर-कृषि भूमि के लिए प्रति वर्ग मीटर दरों की है।

## डिंपल यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा की महिला समर्थकों ने निकाला मार्च



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के लखनऊ की सरोजनी नगर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला समर्थकों ने समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद डिंपल यादव के खिलाफ एक मौलवी की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में तिरंगा, भगवा झंडे, तख्तियां और बेलन लेकर शुक्रवार को मार्च निकाला। एक बयान के अनुसार, मौलाना साजिद रशीदी द्वारा हाल ही में एक मस्जिद में डिंपल यादव के पहनावे पर की गई विवादास्पद टिप्पणी और इस मुद्दे पर विपक्षी नेताओं की 'चुप्पी' के खिलाफ यह प्रदर्शन किया गया। विधायक सिंह ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा, भारत में नारी शक्ति निर्बल नहीं, वह सृजन, संस्कार और संस्कृति की जीवंत प्रतीक है। उन्होंने मौलवी पर निशाना साधते हुए कहा, जो परंपराओं और नारी गरिमा का अपमान करते हैं, वे न संस्कृति के साधक हैं, न राष्ट्र के सेवक। मौलाना की टिप्पणी हो या विपक्ष की चुप्पी, यह केवल विचारधारा की दरिद्रता नहीं, राष्ट्र विरोध है। सिंह ने कहा, जो लोग भारतीय संस्कृति, साड़ी जैसे पारंपरिक परिधानों और नारी गरिमा का उपहास उड़ाते हैं, वे कायर, आत्मविहीन और मूल्यहीन मानसिकता के वाहक हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसी राजनीति और उन दलों का विरोध करते हैं जो तुष्टिकरण के लिए संस्कृति व महिलाओं के सम्मान को दांव पर लगा देते हैं।

### उत्तर प्रदेश में गाय के गोबर से कपड़ा और बायोप्लास्टिक बनाने की तैयारी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने निराश्रित गायों से प्रतिदिन प्राप्त होने वाले 54 लाख किलोग्राम गोबर को बायोप्लास्टिक, बायो-पॉलिमर, बायो-टेक्सटाइल, पर्यावरण अनुकूल कपड़ा, कागज, बायोगैस, कम्पोस्ट और नैनोसेल्यूलोज जैसे टिकाऊ उत्पादों में बदलने के लिए एक नई पहल शुरू की है। सरकार ने एक बयान में कहा कि इस पहल का उद्देश्य 'हर गांव ऊर्जा केंद्र' मॉडल के तहत ग्रामीण रोजगार, जैविक खेती और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना है। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री के हर गांव ऊर्जा केंद्र मॉडल के अनुरूप है। इसमें गोबर आधारित बायोगैस से ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ जैविक/प्राकृतिक खेती, ग्रामीण रोजगार और गोशालाओं की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जाएगी।

## झारखंड की आदिवासी लड़की रश्मि ने ऐतिहासिक शैक्षणिक उपलब्धि के बाद राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की



**रांची :** झारखंड की राज्यपाल के तौर पर जब द्रौपदी मुर्मू वर्ष 2016 में दौरे पर आई थीं तब आदिवासी लड़की रश्मि बिरहोर रामगढ़ के एक छोटे से गांव में भीड़ में चुपचाप खड़ी थी। हालांकि, दोनों के बीच एक संक्षिप्त बातचीत हुई थी, लेकिन इस क्षण ने उस लड़की के मन में एक ऐसा सपना जगा दिया, जिसने उसकी ज़िंदगी बदल दी। अब 2025 में, रश्मि रामगढ़ में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) समुदाय से पहली मैट्रिक और स्नातक बनी हैं। जब यह खबर वर्तमान राष्ट्रपति मुर्मू तक पहुंची तो रश्मि का जैसे 'सपना सच हो गया'। राष्ट्रपति के दो दिवसीय झारखंड दौरे के दौरान रश्मि को राजभवन से विशेष निमंत्रण मिला। मुर्मू का झारखंड दौरा एक अगस्त को समाप्त हुआ। यह मुलाकात न केवल रश्मि और उनके परिवार के लिए, बल्कि उनके साथ जुड़े समुदाय और संस्थाओं के लिए भी बेहद भावुक थी। टाटा स्टील फाउंडेशन के एक बयान के अनुसार, रश्मि ने कहा, 'उनसे दोबारा मिलना – इस बार भारत की राष्ट्रपति के रूप में – एक सपने जैसा लगा।'

## नीतीश सरकार ने स्कूलों में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और स्वास्थ्य प्रशिक्षकों का मानदेय दोगुना किया



**पटना :** बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने शुक्रवार को सरकारी स्कूलों में कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय दोगुना कर दिया। यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब राज्य में विधानसभा चुनाव होने में कुछ महीने शेष हैं। मुख्यमंत्री कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए हमने उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के तहत काम करने वाले रसोइयों को अब 1,650 रुपये के बजाय 3,300 रुपये प्रति माह मिलेंगे। रात्रि प्रहरियों का मानदेय दोगुना करके 10,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। मुख्यमंत्री कुमार ने कहा कि शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय दोगुना कर 16,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है तथा उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि 200 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, इससे कार्यरत कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक उत्साह और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

## एम्स-पटना में विधायक की 'मनमानी' के विरोध में रेजिडेंट चिकित्सकों की हड़ताल, सेवाएं प्रभावित

**पटना :** पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में शिवहर के विधायक चेतन आनंद की कथित मनमानी के विरोध में रेजिडेंट चिकित्सकों ने शुक्रवार को काम का बहिष्कार कर दिया जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। एम्स-पटना के चिकित्सा अधीक्षक को लिखे एक पत्र में 'रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' (आरडीए) ने आनंद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और अस्पताल परिसर में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की मांग की। आरडीए ने पत्र में आरोप लगाया, ''विधायक, उनकी पत्नी और उनके हथियारबंद सुरक्षाकर्मी जबरन अस्पताल परिसर में घुस आए, सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट की, रेजिडेंट चिकित्सकों को जान से मारने की धमकी दी और अस्पताल परिसर में बंदूक लहरायी। अस्पताल का एक गार्ड बुरी तरह घायल हो गया और रेजिडेंट चिकित्सकों को उनके ही कार्यस्थल पर धमकियों और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा।'' रेजिडेंट चिकित्सकों द्वारा काम का बहिष्कार किए जाने के कारण अस्पताल में आपातकालीन, ओपीडी तथा अन्य सेवाएं प्रभावित रहीं। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हुए विधायक आनंद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि पटना एम्स के कर्मचारियों ने बुधवार रात अस्पताल में उनके और उनकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया।



## राजस्थान में 2699 जर्जर भवनों को ढहाया या सील किया जाएगा



**जयपुर :** राज्य में जर्जर सरकारी इमारतों के कारण हो रहे हादसों से उपजी चिंताओं के बीच राजस्थान सरकार ने 224 शहरी स्थानीय निकायों में स्थित 2,699 जर्जर इमारतों को चिह्नित किया है जिन्हें सील या ध्वस्त किया जाएगा। स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने समस्त नगरीय निकायों के उच्च अधिकारियों को सतर्क रहते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सामान्य जन की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारी अपने क्षेत्रों में जाकर नियमित रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि चिह्नित जर्जर भवनों के सामने एक स्पष्ट सूचना बोर्ड भी लगाए जाएं ताकि आमजन को चेताया जा सके और किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। एक आधिकारिक बयान के अनुसार जैन ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में विशेष रूप से जर्जर भवनों की पहचान एवं उन्हें गिराने के लिए चलाए जा रहे राज्य स्तरीय अभियान की प्रगति की समीक्षा की। जैन ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य के 224 नगरीय निकायों में अब तक कुल 2699 जर्जर भवनों की पहचान की जा चुकी है तथा इन्हें नियमानुसार सील व ध्वस्त करने की कार्यवाही प्रगति पर है। जैन ने विद्युत तंत्र की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बिजली वितरण कंपनियों के अभियंताओं के साथ समन्वय कर सड़क किनारे ढीले तारों को तुरन्त ठीक किया जाए।

## जमशेदपुर में 'धर्मांतरण कार्यक्रम' के सिलसिले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली: पुलिस

**जमशेदपुर :** झारखंड पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि जमशेदपुर में हाल ही में आयोजित कथित धर्मांतरण कार्यक्रम के सिलसिले में कोई लिखित शिकायत हासिल नहीं हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, ईसाई समुदाय के लगभग 50 सदस्य पिछले रविवार को एक प्रार्थना सभा के आयोजन के लिए गोलमुरी में एकत्र हुए थे। हालांकि, स्थानीय निवासियों ने पुलिस से संपर्क कर दावा किया कि आवासीय क्षेत्र में आयोजित इस धार्मिक सभा में लोगों को कथित तौर पर धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस के एक सूत्र ने कहा, सभा में शामिल लोग सोनारी सहित शहर के विभिन्न हिस्सों से आए थे। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि वे निर्दोष लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करने की कोशिश कर रहे थे। सूत्र के अनुसार, विरोध-प्रदर्शन के बाद धार्मिक शभा में शामिल सभी लोगों को पूछताछ के लिए गोलमुरी पुलिस थाने ले जाया गया।

## मैनपुरी में सड़क हादसे में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**मैनपुरी (उप्र) :** मैनपुरी जिले के बेवर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक हादसे में एक ही परिवार के दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी और एक लड़की घायल हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि आज दोपहर लगभग 12.40 बजे थाना बेवर के नगला ताल में एक सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक नाबालिग लड़की घायल हो गई। साहा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मैनपुरी निवासी छह लोग आज दोपहर कार से आगरा में अपने रिश्तेदारों के यहां एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद छिबरामऊ (कन्नौज) जा रहे थे। उन्होंने कहा कि दोपहर करीब 12.40 बजे बेवर पुलिस थाना के नगला ताल के पास जीटी रोड पर तेज गति के कारण चालक कार पर से नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी तरफ जा गिरी। उन्होंने बताया कि डिवाइडर पार करने के बाद कार एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक लड़की आराध्या (11) गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे इलाज के लिए सैफई स्थित पीजीआई ले जाया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी आज वाराणसी में 2183.45 करोड़ की 52 योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे



**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे और यहां 2183.45 करोड़ की 52 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। शुक्रवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि पावन श्रवण माह में रक्षाबंधन पर्व से ठीक पहले प्रधानमंत्री अपनी काशी यात्रा में शनिवार को लगभग 2183.45 करोड़ की 52 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, जिसमे सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन और बुनियादी और विकास की योजनाएं शांमिल हैं। प्रधानमत्री दिव्यांगजनों और वृद्धों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण भी प्रदान करेंगे। इसके अलावा देश के अन्नदाताओं को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की जाएगी, जिसमें पूरे देश के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित होगी। प्रधानमंत्री की एक बड़ी जनसभा सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिका धाम) गांव में प्रस्तावित है। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री का हवाई अड्डा पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के अन्य नेता स्वागत करेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से एक दिन पहले वाराणसी पहुंचे योगी, काशी विश्वनाथ के किये दर्शन

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी दौरे से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार देर शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काल भैरव और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किये। मुख्यमंत्री योगी सावन महीने में बाबा काशी विश्वनाथ के दरबार में तीसरी बार दर्शन के लिए पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को वाराणसी दौरे से ठीक एक दिन पहले मुख्यमंत्री योगी यहां पहुंचे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, योगी शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी की वाराणसी हवाई अड्डे पर अगवानी करेंगे और इससे पहले कई कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह वाराणसी के सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और इस दौरान करीब 2200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री मोदी आठ सितंबर को असम का दौरा करेंगे, हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेंगे

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मशहूर गायक भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए आठ सितंबर को असम आएंगे। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री सबसे पहले गोलाघाट जिले में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) पहुंचेंगे और 4,200 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित बायो-एथेनॉल संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी दरांग जिले के मंगलदोई जाएंगे, जहां वह गुवाहाटी-रिंग रोड का उद्घाटन करेंगे। यह गुवाहाटी में कुरुवा और नारेंगी को जोड़ने वाले ब्रह्मपुत्र पर बनाया गया एक पुल है। वह मंगलदोई मेडिकल कॉलेज अस्पताल की आधारशिला भी रखेंगे। शर्मा ने बताया कि शाम को वह गुवाहाटी पहुंचेंगे और असम के सांस्कृतिक पुरोधा भूपेन हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे।

### एअर इंडिया की लंदन-दिल्ली उड़ान में 11 घंटे से अधिक की देरी

**नयी दिल्ली :** एअर इंडिया की लंदन से दिल्ली आने वाली उड़ान शुक्रवार को 11 घंटे से अधिक विलंबित हुई और अब यह शनिवार सुबह प्रस्थान करेगी। एअर इंडिया ने अपने एक बयान में कहा, ''एक अगस्त को लंदन हीथ्रो से दिल्ली आने वाली उड़ान एआई2018, आगमन में देरी के कारण अब दो अगस्त को स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे रवाना होगी। देरी के कारण चालक दल की ड्यूटी समय की सीमा और लंदन हवाई अड्डे पर रात्रि कर्फ्यू का पालन करना पड़ा।'' एअरलाइन ने कहा कि यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पूरे पैसे वापस या बिना अतिरिक्त शुल्क के टिकट फिर से लेने का विकल्प दिया गया है।

### सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के विज्ञापन में जीवित व्यक्ति के नाम का इस्तेमाल न करें : न्यायालय

**चेन्नई :** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करने और संचालित करने के दौरान किसी भी जीवित व्यक्ति का नाम, किसी पूर्व मुख्यमंत्री/वैचारिक नेता की तस्वीर या पार्टी का प्रतीक चिन्ह/प्रतीक/झंडा शामिल नहीं किया जाए। मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की प्रथम पीठ ने 'ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम' (अन्नाद्रमुक) सांसद सी.वी. षणमुगम और अधिवक्ता इनियान द्वारा दायर याचिका पर गुरुवार को यह अंतरिम आदेश पारित किया। अपनी याचिका में षणमुगम ने राज्य सरकार को उनकी रिट याचिका के निपटारे तक किसी भी जीवित व्यक्ति के नाम पर कोई भी योजना शुरू करने/रीब्रांडिंग करने से रोकने की मांग की। अपने आदेश में पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना की शुरुआत, कार्यान्वयन या संचालन के खिलाफ कोई आदेश नहीं दिया है।

### अमेरिका ने 2025 में अब तक 1,703 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि अमेरिका ने 2025 में अब तक 141 महिलाओं सहित 1,703 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को यह भी बताया कि पिछले पांच वर्ष (2020 से 2024) में अमेरिका से निर्वासित भारतीय नागरिकों की संख्या 5,541 थी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष (2020 से 2024) में ब्रिटेन से निर्वासित भारतीय नागरिकों की संख्या 311 है तथा 2025 (आज तक) में ब्रिटेन से निर्वासित भारतीयों की संख्या 131 है। मंत्री ने कहा, ''वास्तविक संख्याएं दो कारणों से भिन्न हो सकती हैं। वैध यात्रा दस्तावेज रखने वाले अवैध भारतीय प्रवासियों को ब्रिटेन सरकार सीधे निर्वासित कर देती है। इसके अलावा, अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेजों (ईटीडी) का पूरा उपयोग नहीं हो पाता क्योंकि वे अपने निर्वासन के खिलाफ अपील कर सकते हैं।''

# नितिन गडकरी ने साफ-साफ बोलने की वकालत की, कहा- राजनीति झूठ बोलना या चापलूसी करना नहीं



**पुणे :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति में झूठ बोलना या फिर चापलूसी करना जरूरी होने जैसी धारणाएं सरासर गलत हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेताओं को पूरे विश्वास के साथ सच बोलना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अजित पवार भी उपस्थित थे। गडकरी ने कहा, यह एक गलत धारणा है कि राजनीति में सिर्फ झूठ बोला जाता है या फिर चापलूसी की जाती है। यहां तक कि शिवसेना के पूर्व प्रमुख दिवंगत बालासाहेब ठाकरे भी अपने भाषणों में सच बोलते थे। वह अपनी बात खुलकर कहते थे। उन्होंने कहा कि हर किसी को सच बोलना सीखना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगर कुछ अच्छा है, तो उसे अच्छा कहना चाहिए और अगर कुछ बुरा है, तो उसे बुरा ही कहना चाहिए। फडणवीस कहते हैं कि राजनीति में कभी-कभी स्पष्ट और सच बोलना संभव नहीं होता। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान, एक रैली को संबोधित करते हुए, मैंने कहा था कि मैं किसी को कोई चीज मुफ्त में नहीं दूंगा और वही करूंगा जो मैं करना चाहता हूं। जाति या समुदाय की आड़ में मेरे पास मत आना। मैंने बस उनसे वोट मांगा और उन्हें आश्वासन दिया कि मैं उनके लिए काम करूंगा। गडकरी ने कहा कि उन्होंने मतदाताओं से यह भी कहा कि वह सभी के लिए काम करेंगे, चाहे वे उन्हें वोट दें या नहीं। उन्होंने कहा, मेरा अनुभव है कि छोटे लोग भी अच्छी बातों को भांप लेते हैं, इसलिए राजनीतिक नेताओं को सकारात्मक रहना चाहिए तथा हमेशा विश्वास के साथ सच बोलना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने यह भी कहा कि उनके विभाग में धन की कोई कमी नहीं है। गडकरी ने कहा, धन कोई बाधा नहीं है। बाधा केवल यह है कि उसे खर्च नहीं किया जा रहा है। इस देश में धन और तकनीक की कोई कमी नहीं है। बाधा केवल देश के लिए ईमानदारी से काम करने वाले लोगों की कमी है। अगर ये लोग काम करने का फैसला कर लें, तो कोई समस्या नहीं होगी। लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट (हिंद स्वराज्य संघ) द्वारा हर साल दिया जाता है।

## कोई झुग्गी नहीं हटेगी, सभी को घर देने के लिए नीतियां संशोधित की जाएंगी: दिल्ली मुख्यमंत्री



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में किसी भी झुग्गी को तब तक नहीं तोड़ा जाएगा जब तक उसमें रहने वालों को स्थायी मकान नहीं दे दिए जाते। मुख्यमंत्री ने सत्रहवें राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (एनएआरईडीसीओ) के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो उनकी सरकार सभी के लिए सम्मान और आवास सुनिश्चित करने के लिए नीतियों में संशोधन करेगी। गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सतत विकास पर आयोजित सेमिनार 'ग्रोथ भी, ग्रीन भी' में दिल्ली की सूरत बदलने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली के शहरी परिदृश्य को बदलने, लंबे समय से लंबित विकासात्मक अंतराल को दूर करने और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से शहर को दोहरे अंकों की विकास दर की ओर ले जाने के लिए निजी क्षेत्र के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य दिल्ली की सभी झुग्गी बस्तियों को स्थायी घरों में बदलना है।

## छत्तीसगढ़: हाथियों के हमले में चार लोगों की मौत, एक हाथी की करंट लगने से मौत

**अंबिकापुर/कोरबा :** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में पिछले दो दिनों में हाथियों के हमले की अलग-अलग घटनाओं में पिता-पुत्री समेत चार लोगों की मौत हो गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी कोरबा जिले में एक हाथी की भी करंट लगने से मौत हो गई, जब वह कथित तौर पर बोरवेल मशीन चलाने के लिए अवैध रूप से बिछाए गए तार के संपर्क में आ गया। उन्होंने बताया कि पहली घटना में, 30 जुलाई (बुधवार) की सुबह बकीला गांव में एक जंगली हाथी घर में घुस गया और सनमेत बाई नामक एक महिला को कुचलकर मार डाला। अधिकारियों ने बताया कि उसका पति नेहरू कंवर मौके से भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, 30 जुलाई की शाम को लुंड्रा वन क्षेत्र के अंतर्गत बेवरा गांव में एक जंगली हाथी ने राम कोरवा (60) और उसकी बेटी प्यारी (35) को मार डाला, जब वे खेती के काम से घर लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने उनका पीछा किया,और उन्हें ज़मीन पर पटक दिया तथा कुचलकर मार डाला। उन्होंने बताया कि तीसरी घटना बृहस्पतिवार सुबह लुंड्रा वन क्षेत्र से लगभग 65 किलोमीटर दूर सीतापुर वन क्षेत्र के देवगढ़ गांव में हुई। अधिकारियों ने बताया कि मृतक, जिसकी पहचान मोहर साईं साईंराम (55) के रूप में हुई है, अपने धान के खेत में गया था, तभी उसका सामना दो हाथियों से हो गया।

## राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार : शाहरुख, मेसी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता; रानी मुखर्जी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री



**नयी दिल्ली :** साल 2023 के लिए शुक्रवार को घोषित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में हिंदी सिनेमा का दबदबा रहा। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने फिल्म 'जवान' में दमदार अभिनय के लिए शुक्रवार को अपने करियर का पहला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। खान यह पुरस्कार अभिनेता विक्रांत मेसी के साथ संयुक्त रूप से साझा करेंगे। मेसी को '12वीं फेल' में उनके शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं, अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में निभाए गए किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया। यह रानी के फिल्मी करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। उन्होंने इस पुरस्कार को अपने 30 साल के काम, कला के प्रति समर्पण और सिनेमा के प्रति जुनून को मिली मान्यता करार दिया। दिल्ली में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा जूरी प्रमुख और फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर ने की। उन्होंने बताया कि विधु विनोद चोपड़ा निर्देशित '12वीं फेल' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म चुना गया है, जबकि 'द केरला स्टोरी' के लिए सुदीप्तो सेन ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड हासिल किया है।

### श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति का पुनर्गठन करेगी ओडिशा सरकार : मंत्री

**भुवनेश्वर :** ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति (एसजेटीएमसी) का जल्द ही पुनर्गठन करेगी, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भगवान जगन्नाथ की बहुमूल्य वस्तुओं की लंबे समय से लंबित सूची तैयार करने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। यह बात ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रत्न भंडार की मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने में हो रही देरी के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कही। हरिचंदन ने संवाददाताओं से कहा, ''हम जल्द ही एसजेटीएमसी का पुनर्गठन करेंगे, जिससे रत्न भंडार में संग्रहित भगवान जगन्नाथ के कीमती सामानों की सूची तैयार करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सोना, हीरे और अन्य वस्तुओं सहित कीमती सामान वर्तमान में मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में संग्रहित हैं।''

## देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में ऐप की मदद से 'ऑन डिमांड' उठेगा कबाड़

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के नगर निगम ने अपनी कचरा प्रबंधन प्रणाली को अगले स्तर पर पहुंचाने के लिए एक खास मोबाइल ऐप तैयार कराया है जिसके जरिये घरों और प्रतिष्ठानों से कबाड़ उठाने की सशुल्क सेवा शुरू की जाएगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के दावे के मुताबिक इंदौर नगर निगम देश का ऐसा पहला शहरी निकाय है जो इस तरह के ऐप के जरिये 'ऑन डिमांड' (अनुरोध पर) कबाड़ उठाने की सेवा शुरू करने जा रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 'पीटीआई-भाषा' को कहा,''हमने घरों और प्रतिष्ठानों से 'ऑन डिमांड' कबाड़ उठाने के लिए एक मोबाइल ऐप तैयार कराया है। हम अगले स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) तक इस ऐप के जरिये सशुल्क सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।'' भार्गव ने कहा कि यह नागरिकों के अनुरोध पर कबाड़ उठाने की सशुल्क सेवा के संदर्भ में देश के किसी भी शहरी निकाय का पेश किया जाने वाला अपनी तरह का पहला मोबाइल ऐप होगा।

## रामझूला पुल की मरम्मत और रखरखाव के लिए 11 करोड़ रुपये मंजूर

**ऋषिकेश :** उत्तराखंड सरकार ने यहां स्थित प्रसिद्ध रामझूला पुल की मरम्मत और रखरखाव के लिए 11 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह पुल अगस्त 2023 से दो पहिया वाहनों के आवागमन के लिए बंद है। यह पुल तब से केवल सीमित संख्या में पैदल यात्रियों के लिए खुला है। उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने यहां 'पीटीआई भाषा' को बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राम झूला पुल की मरम्मत तथा रखरखाव के लिए 11 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। उन्होंने बताया, ''रामझूला पुल के अनुरक्षण कार्य की निविदाएं अगले 10 दिन में जारी कर दी जाएंगी। यह कार्य अगले छ महीनों में पूरा कर लिया जाएगा जिसके बाद यह पुल जनता के लिए पूरी तरह से सुरक्षित हो जाएगा और इसे फिर से आमजन के उपयोग के लिए खोल दिया जाएगा।''

## स्थायी समिति ने शयनयान व 3एसी में वरिष्ठ नागरिकों को रियायत देने पर पर विचार करने को कहा : रेलवे

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को संसद को बताया कि रेलवे की स्थायी समिति ने कम से कम शयनयान और 3 एसी श्रेणियों में वरिष्ठ नागरिकों को रियायत देने पर विचार करने को कहा है। उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''रेलवे की स्थायी समिति ने कम से कम शयनयान और 3एसी में वरिष्ठ नागरिकों को रियायत संबंधी समीक्षा और उस पर विचार करने को कहा है।'' वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएं प्रदान करने का प्रयास करती है और 2023-24 में यात्री टिकटों पर 60,466 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गयी। उन्होंने कहा कि इससे रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए औसतन 45 प्रतिशत की रियायत मिलती है। दूसरे शब्दों में, यदि सेवा प्रदान करने की लागत 100 रुपये है, तो टिकट की कीमत 55 रुपये है।

## बुलंदशहर हिंसा मामले में 38 दोषियों में से पांच को आजीवन कारावास, 33 को सात-सात साल की कैद



**बुलंदशहर (उप्र) :** बुलंदशहर की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को करीब सात वर्ष पुराने हिंसा के मामले में 38 दोषियों में से पांच को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जबकि 33 को सात-सात साल जेल की सजा दी है। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। बुलंदशहर जिले के स्याना इलाके में 2018 में हुई हिंसा के मामले में बुधवार को इन 38 आरोपियों को अदातल ने दोषी करार दिया था। इस हिंसा के दौरान थाना प्रभारी (एसएचओ) सुबोध कुमार सिंह और एक स्थानीय युवक सुमित की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विशेष लोक अभियोजक यशपाल सिंह राघव ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे)-12 गोपाल ने पांच दोषियों को हत्या और अन्य धाराओं के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई और बाकी 33 लोगों को आगजनी करने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और हत्या का प्रयास आदि धाराओं में सात-सात साल की सजा सुनाई है। एडीजे ने बुधवार को सुनवाई पूरी करने के बाद पांच आरोपियों को सिंह की हत्या का दोषी पाया, जबकि शेष 33 को तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। अदालत ने सजा सुनाने के लिए एक अगस्त की तारीख तय की थी। यशपाल सिंह राघव ने बताया जिन पांच लोगों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत आरोप सिद्ध होने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, उनमें प्रशांत नट, डेविड, राहुल, जॉनी और लोकेंद्र मामा का नाम शामिल है। यह घटना तीन दिसंबर, 2018 को बुलंदशहर जिले के स्याना इलाके में हुई थी, जब कथित गोहत्या को लेकर हिंसा भड़क उठी थी।

## नयी वंदे भारत तथा अमृत भारत ट्रेनों को दिव्यांगजनों की जरूरतों के मुताबिक तैयार किया गया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को बताया कि नयी वंदे भारत तथा अमृत भारत ट्रेनों को दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा को दिए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत ट्रेनों के पहले और अंतिम डिब्बों में व्हीलचेयर की सुविधा, अधिक स्थान वाले दिव्यांगजन अनुकूल शौचालय आदि विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वंदे भारत ट्रेनों के पहले और अंतिम डिब्बों में आसानी से चढ़ने और उतरने के लिए मॉड्यूलर रैम्प की व्यवस्था भी की गई है तथा अमृत भारत ट्रेनों के लगेज सह दिव्यांगजन कोचों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वैष्णव ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराता है। इसमें दिव्यांगजनों के लिए लगभग सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में अलग से कोच आरक्षित किए गए हैं। इन डिब्बों में चौड़े दरवाजे, चौड़ी बर्थ, बड़ा शौचालय, व्हीलचेयर के लिए अलग से स्थान, सहारे के लिए ग्रैब रेल, तथा उचित ऊंचाई पर वॉश बेसिन और शीशा आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रेल मंत्री ने बताया कि दृष्टिबाधित यात्रियों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि वाले संकेतक भी कोचों में लगाए गए हैं।

## भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों को वैश्विक प्रशंसा मिली है : इसरो अध्यक्ष नारायणन


**तिरुवनंतपुरम :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी ने उस स्तर तक प्रगति कर ली है, जिसकी प्रशंसा विश्व की अग्रणी शक्तियां भी कर रही हैं। वह यहां सीएसआईआर-राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-एनआईआईएसटी) द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित महत्वपूर्ण खनिजों एवं सामग्रियों में नए आयाम विषय पर एक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। नारायणन ने पिछले पांच दशकों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उल्लेखनीय यात्रा की सराहना की। आधिकारिक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी इतनी उन्नत हो गई है कि विश्व की अग्रणी शक्तियां भी इसे प्रशंसा की दृष्टि से देखती हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शक्ति वाले स्टेनलेस स्टील, कम तापीय चालकता वाले उन्नत कंपोजिट और अन्य रणनीतिक सामग्रियों में स्वदेशी विकास देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। नारायणन ने उन्नत सामग्रियों के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और तकनीकी संप्रभुता हासिल करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत सीएसआईआर और इसरो के बीच सहयोगात्मक प्रयास का आह्वान किया।

# आरपीएफ की पहली महिला महानिदेशक बनीं आईपीएस सोनाली मिश्रा



**नयी दिल्ली :** मध्य प्रदेश कैडर की 1993 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सोनाली मिश्रा ने शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की नयी महानिदेशक (डीजी) के रूप में कार्यभार संभाला। रेल मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि यह आरपीएफ के 143 साल के इतिहास में पहली बार है जब किसी महिला को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने सोनाली मिश्रा की नियुक्ति को मंजूरी दी है। वह 31 अक्तूबर, 2026 को अपनी सेवानिवृत्ति तक इस पद पर रहेंगी। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''अपनी पेशेवर दक्षता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के लिए पहचानी जाने वाली सोनाली मिश्रा के पास तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। इससे पहले वह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (चयन/भर्ती) के साथ-साथ पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल और मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल की निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही थीं।'' इसने कहा कि मिश्रा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में भी सेवाएं दे चुकी हैं। उन्हें कोसोवो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भी कार्य करने का अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक और विशिष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। यह पुरस्कार उनकी उत्कृष्टता और पेशेवर प्रतिबद्धता को मान्यता देते हैं।

## मुंबई से कोलकाता जाने वाले विमान में एक यात्री ने दूसरे यात्री को मारा थप्पड़



**नयी दिल्ली :** मुंबई से कोलकाता जाने वाले इंडिगो के एक विमान में शुक्रवार को एक यात्री ने दूसरे यात्री को थप्पड़ मार दिया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह घटना उड़ान संख्या 6ई138 में हुई और विमान के कोलकाता हवाई अड्डे पर उतरने के बाद आरोपी यात्री को सुरक्षा दल को सौंप दिया गया। सूत्र ने बताया कि विमानन कंपनी ने यात्री को उपद्रवी भी घोषित कर दिया है। इंडिगो ने ज्यादा जानकारी दिए बिना कहा कि कंपनी को अपनी एक उड़ान में हुई मारपीट की घटना की जानकारी है। विमानन कंपनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारे चालक दल ने स्थापित मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार काम किया। संबंधित व्यक्ति की पहचान उपद्रवी के रूप में की गई और विमान के उतरने के बाद उसे सुरक्षा अधिकारियों को सौंप दिया गया। प्रोटोकॉल के अनुसार, सभी संबंधित नियामक एजेंसियों को विधिवत सूचित कर दिया गया है। यात्री ने दूसरे यात्री को थप्पड़ क्यों मारा, ये जानकारी भी सामने नहीं आई है। इंडिगो ने यह भी कहा कि इस तरह का असंयमित व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है और यात्रियों एवं चालक दल की सुरक्षा एवं सम्मान से समझौता करने वाली किसी भी कार्रवाई की कड़ी निंदा की जाती है।

# मालेगांव मामले में फैसला: विशेष अदालत ने एटीएस पर लगे यातना के आरोपों पर गंभीर चिंता

**मुंबई :** सितंबर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने के अपने फैसले में यहां की एक विशेष अदालत ने आरोपियों और गवाहों द्वारा लगाए गए उन आरोपों पर गंभीर चिंता जताई कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के अधिकारियों ने उन्हें प्रताड़ित किया और अवैध रूप से हिरासत में रखा। एटीएस ने पहले मामले की जांच की थी, जिसके बाद इसे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया गया था। अदालत ने अपने 1036 पृष्ठों के फैसले में कहा कि साक्ष्य के दौरान लगभग सभी गवाहों ने यह बयान दिया कि उन्होंने स्वेच्छा से बयान नहीं दिए थे, बल्कि एटीएस अधिकारियों ने दबाव में उनसे बयान लिए थे। यह फैसला शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया। फैसले में कहा गया, कई गवाहों ने आरोप लगाया कि जांच के दौरान उन्हें यातना दी गई, उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया।

### विशेष अदालत ने पूर्व एटीएस अधिकारी के मोहन भागवत से संबंधित दावे को खारिज किया

यहां की एक विशेष अदालत ने सितंबर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करते हुए अपने फैसले में महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के एक पूर्व अधिकारी के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्हें इस मामले में संघ प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया था।

### मालेगांव विस्फोट मामले का गवाह 17 साल से लापता, अदालत ने घोषित की 'सिविल मृत्यु'

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** वर्ष 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले के गवाह दिलीप पाटीदार का उनकी रहस्यमय गुमशुदगी के 17 साल बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है और इंदौर की एक अदालत उनके परिवार की गुहार पर उनकी ''सिविल मृत्यु'' घोषित कर चुकी है। पाटीदार के परिवार के एक वकील ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'सिविल मृत्यु' का मतलब है कि जब कोई व्यक्ति सात साल या इससे अधिक समय से लापता हो और उसका कोई भी सुराग न मिल सके, तो कानूनी तौर पर उसे मृत घोषित कर दिया जाता है।

## जिला आयुक्तों को वन भूमि पर अतिक्रमण का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण करने का निर्देश : हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सभी जिला आयुक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों में वन भूमि पर अतिक्रमण के स्तर का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सभी जिले सर्वेक्षण करेंगे और वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेदखल किया जाएगा, सिवाय उन लोगों के जो वन अधिकारों के लिए पात्र हैं। उन्होंने कहा, ''आदिवासी लोग जंगलों में रह सकते हैं, बशर्ते वे 2005 से पहले वहां रहे हों। हम उन लोगों को बेदखल करने जा रहे हैं जो वन अधिकार अधिनियम के दायरे में नहीं आते।'' शर्मा ने कहा कि अतिक्रमण बहुत अधिक और कल्पना से परे है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''अगर हर महीने एक बेदखली अभियान चलाया जाए, तो भी जमीन खाली कराने में 10 साल लग जाएंगे।'' उन्होंने कहा था कि मई 2021 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से 1,19,548 बीघा (160 वर्ग किमी) भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है, जिससे लगभग 50,000 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मालेगांव जांच में भागवत को फंसाने की थी कांग्रेस की साजिश, चिदंबरम से पूछताछ होनी चाहिए

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मालेगांव विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने की कांग्रेस की साजिश थी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शर्मा ने आरोप लगाया कि यह तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम द्वारा किया गया राजनीतिक षड्यंत्र था। उन्होंने दावा किया, यह एक ज्ञात साजिश है कि कांग्रेस भागवत को इस मामले में फंसाना चाहती थी, लेकिन कल अदालत के फैसले (जिसमें सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया गया) ने पार्टी को बेनकाब कर दिया है।

## बुमराह को टीम से रिलीज किया गया, एशिया कप में खेलने पर संदेह




**लंदन / नयी दिल्ली :** भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तीन टेस्ट का कोटा पूरा करने के बाद शुक्रवार को टीम से फारिग (रिलीज) कर दिया गया। इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट के हितधारकों ने उनके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में भागीदारी पर चर्चा शुरू कर दी है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर 31 वर्षीय बुमराह ने तीन मैचों में 119.4 ओवर फेंके और 14 विकेट लिए। बीसीसीआई ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया, ''जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से फारिग कर दिया गया।'' बुमराह ने इस श्रृंखला में दो बार (हेडिंग्ले में पहले टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट) पांच-पांच विकेट लिए। उन्होंने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में अपने करियर में पहली बार एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। बुमराह के नाम अब 48 टेस्ट में 219 विकेट हैं। भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे से पहले ही चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने बताया था कि बुमराह अपने कार्यभार प्रबंधन (चोट और थकान से बचाने के लिए) के तहत पांच में से तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे। भारत को अपना अगला अंतरराष्ट्रीय मैच एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में खेलना है। अगर बुमराह इस टूर्नामेंट में खेलते हैं तो यह हैरानी की बात होगी क्योंकि यूएई में होने वाले इस टूर्नामेंट के खत्म होने के एक सप्ताह से भी कम समय के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अगली टेस्ट श्रृंखला शुरू हो जाएगी। एशिया कप 29 सितंबर को खत्म होगा और वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। इसके बाद दूसरा मैच 10 से 14 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में खेला जाएगा।

# सिराज और कृष्णा के दम पर इंग्लैंड 247 पर ऑलआउट, भारत को 52 रन की बढ़त




**लंदन :** पांचवें और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड की पहली पारी 247 रन पर समेट दी। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने चार-चार विकेट झटके। इसके बाद भारत ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 75 रन बनाकर 52 रन की बढ़त हासिल कर ली।भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 51 रन बनाकर नाबाद हैं। उन्होंने 44 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और इस दौरान दो बार उनका कैच भी छूटा। आकाश दीप 4 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर हैं। भारत ने केएल राहुल (7) और साई सुदर्शन (11) के विकेट गंवाए। राहुल जोश टंग की गेंद पर आउट हुए, जबकि सुदर्शन गस एटकिंसन की गेंद पर पगबाधा हुए। इससे पहले इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी रही थी। जाक क्रॉली ने 64 और हैरी ब्रुक ने 53 रन बनाए। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर आउट होते गए। इंग्लैंड के आखिरी बल्लेबाज क्रिस वोक्स चोट के कारण मैदान पर नहीं उतरे, जिससे पारी 247 पर समाप्त हो गई।भारतीय गेंदबाजों में सिराज और कृष्णा के अलावा आकाश दीप को भी एक विकेट मिला। सिराज ने लगातार तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की कमर तोड़ी और ब्रुक को बोल्ड कर पारी का अंत किया।भारत की पहली पारी सुबह 224 रन पर समाप्त हो गई थी। करुण नायर ने 57 और वाशिंगटन सुंदर ने 26 रन बनाए। इंग्लैंड के गस एटकिंसन ने पांच विकेट झटके।अब भारत की नजरें तीसरे दिन बढ़त को और मजबूत करने पर होंगी।

## खालिद जमील भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त, कार्यकाल दो या तीन साल होने की संभावना



**नयी दिल्ली :** खालिद जमील को शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया और इस तरह से वह पिछले 13 वर्षों में इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय बन गए। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच का पद संभालने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जो 2011 से 2012 तक इस पद पर रहे। उनके सामने अब भारतीय टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने की कठिन चुनौती होगी। भारत का पिछले कुछ महीनो में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के प्रभारी 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने इस पद के लिए चुना। भारतीय टीम का कोच बनने की दौड़ में जमील के अलावा भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और और स्लोवाकिया के मुख्य कोच रह चुके स्टीफन टारकोविच शामिल थे। अपने जमाने के दिग्गज स्ट्राइकर आईएम विजयन की अगुवाई वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। एएफसी प्रो लाइसेंस डिप्लोमा धारक जमील स्पेन के मनोलो मार्केज़ का स्थान लेंगे, जो भारत के हाल में खराब प्रदर्शन के बाद अपने पद से हट गए थे।

## आरेडिका में अंतर विभागीय रेलवे फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन



**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में 28 से 31 जुलाई तक आयोजित अंतर विभागीय रेलवे फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का समापन हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ हुआ। यह आयोजन आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में छह विभागीय टीमों - विद्युत विभाग, एडमिन ब्लॉक एवं आरपीएफ, व्हील एवं बोगीशॉप-1, व्हील एवं बोगीशॉप-2, फर्निशिंग-1 तथा शैलशॉप ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला व्हील एवं बोगीशॉप-1 तथा फर्निशिंग-1 के बीच खेला गया, जिसमें निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं हुआ। मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट द्वारा हुआ, जिसमें व्हील एवं बोगीशॉप-1 ने 2-0 से जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी प्राप्त की, जबकि फर्निशिंग-1 को उपविजेता घोषित किया गया। समापन समारोह में बी. एल. मीना ने दोनों टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी.एल. मीना, रेलवे बोर्ड सलाहकार तथा भूतपूर्व सीएओ आरेडिका एस. के. कटियार, स्पोर्टस अधिकारी पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुधा सिंह, खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव-1 अमरजीत कुमार एवं खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव-2 पंकज राय सहित संघ के सभी सदस्य, एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## किसी भारतीय के विश्व कप खिताब जीतने की सबसे ज्यादा खुशी हुई: दिव्या



**नयी दिल्ली :** महिला शतरंज विश्व कप का खिताब जीतने वाली दिव्या देशमुख ने शुक्रवार को यहां कहा कि उन्हें विश्व चैंपियन बनने से ज्यादा खुशी किसी भारतीय के खिताब जीतने की है। भारत की उन्नीस साल की दिव्या ने जॉर्जिया के बातुमी में हुए शतरंज विश्व कप के फाइनल में हमवतन दिग्गज कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर में शिकस्त दी थी। वह इसके साथ ही विश्व कप जीतने वाली सबसे कम उम्र की महिला शतरंज खिलाड़ी बन गयी। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा सम्मानित की गई दिव्या ने यहां कहा, 'मुझे बहुत खुशी है कि यह खिताब भारत आया है। कोनेरू बहुत अच्छा खेलीं लेकिन मुझे किस्मत का साथ मिला और मैं चैंपियन बन गयी। फाइनल में मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी यह थी कि इस खिताब का भारत आना तय हो गया था।' उन्होंने कहा, 'माननीय मंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही है क्योंकि यह खिलाड़ियों को प्रेरित करता है और युवाओं को यह संदेश देता है कि उन्हें देश का समर्थन प्राप्त है।' महाराष्ट्र के नागपुर की इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैं शतरंज के लिए लगातार समर्थन देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और खेल मंत्रालय को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। इस तरह का निरंतर प्रोत्साहन देश में खेल को बढ़ाने में मदद करेगा।' विश्व कप विजेता बनने के साथ दिव्या ने ग्रैंडमास्टर नार्म भी हासिल कर ली। उन्होंने अपने अभियान के दौरान झू जिनर, द्रोणावल्ली हरिका, और तान झोंग्यी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को मात दी। मांडविया ने कहा कि महिला विश्व कप में भारत की जीत देश की खेल प्रतिभा का प्रमाण है।

### भारतीय पुरूष और महिला टीमों ने लंदन 2026 डब्ल्यूटीटीसी के लिये क्वालीफाई किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरूष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू में दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके लंदन में विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिये क्वालीफाई कर लिया। महिला और पुरूष वर्ग में 16 एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध थे। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्ण एशिया और पश्चिम एशिया से चार क्षेत्रीय चैम्पियन इसके लिये सीधे क्वालीफाई करते हैं। भारतीय महिला और पुरूष टीमें पांच देशों के राउंड रॉबिन प्रारूप वाले दक्षिण एशियाई टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। पुरूष टीम में आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बाण घोष, पी बी अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव थे जिन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को 3 . 0 से हराया।

## श्रेयस, गायकवाड, जायसवाल और सरफराज की मौजूदगी वाली पश्चिम क्षेत्र की अगुवाई करेंगे शारदुल




**मुंबई :** भारत और मुंबई के हरफनमौला शारदुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी में सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम अगुवाई करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम दलीप ट्रॉफी में अपने मैच सितंबर में खेलेगी। पश्चिम क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और श्रेयस अय्यर समेत मुंबई के कुल सात खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। रुतुराज गायकवाड़ मध्यक्रम को मजबूत करेंगे जबकि सौराष्ट्र के हार्विक देसाई और महाराष्ट्र के सौरभ नवले विकेटकीपर होंगे। मुंबई के मुशीर खान सहित सात अन्य खिलाड़ियों को स्टैंडबाय (वैकल्पिक) खिलाड़ियों की सूची में रखा गया है। टीम में हालांकि अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा जैसे अनुभवी बल्लेबाजों को शामिल नहीं किया गया है। इस साल दिलीप ट्रॉफी की छह टीमों के बीच क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो रही है। पिछले कुछ साल से इसका आयोजन भारत ए, बी, सी और डी टीमों के साथ होता था। जब यह टूर्नामेंट ए, बी, सी और डी प्रारूप में खेला जाता था, तो सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता टीमों का चयन करते थे, लेकिन अब टीमों का चयन संबंधित क्षेत्रीय चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी का पिछली बार 2023-24 जब क्षेत्रीय प्रारूप में आयोजन हुआ था तब दक्षिण क्षेत्र

## लक्ष्य, मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में

**मकाऊ :** भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन और तरुण मन्नेपल्ली ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय मन्नेपल्ली ने 87वें स्थान पर काबिज चीन के हू झे को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। वहीं राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21 . 14, 18 . 21, 21 . 14 से मात दी। अब लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा जबकि मन्नेपल्ली की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। मन्नेपल्ली ने पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। चार साल पहले पुलेला गोपीचंद अकादमी से जुड़ने वाले मन्नेपल्ली ने पिछले दौर में हांगकांग के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली चेउक यिउ को हराया था। राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले मन्नेपल्ली पहले गेम में एक समय 4-7 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने 12-9 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने 15-11 से लगातार छह अंक बनाकर गेम अपने नाम कर दिया।



# अमेरिकी शुल्क की चिंता में बाजार दूसरे दिन भी गिरा, सेंसेक्स 586 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में



**मुंबई :** अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 586 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में भी 203 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी सरकार के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ऐलान के बाद वैश्विक व्यापार में गतिरोध की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 690.01 अंक तक टूटकर 80,495.57 के निचले स्तर तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 203 अंक यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,565.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर 4.43 प्रतिशत टूट गया। कंपनी ने अप्रैल-जून 2025 तिमाही के शुद्ध लाभ में 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इसके अलावा टाटा स्टील, मारुति, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी का रुझान देखने को मिला। एसबीआई सिक्योरिटीज में तकनीकी शोध एवं डेरिवेटिव प्रमुख सुदीप शाह ने कहा, मानक सूचकांक निफ्टी लगातार पांचवें हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुआ। यह अगस्त, 2023 के बाद का निफ्टी में साप्ताहिक गिरावट का सबसे लंबा सिलसिला है। ऊपर चढ़ने की तमाम कोशिशों के बावजूद सूचकांक हर बार बिकवाली के दबाव में आ जाता है।

## भारत का समुद्री क्षेत्र बदलाव के दौर में, पर्यावरण अनुकूल उपायों को तेजी से दे रहा बढ़ावा: सोनोवाल



**तूतीकोरिन :** केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत का समुद्री क्षेत्र अब केवल कारोबार का प्रवेश द्वार न होकर जलवायु सहनशीलता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का अग्रदूत भी बनता जा रहा है। सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मैरिटाइम इंडिया विजन 2030 से प्रेरित होकर देश के बंदरगाह टिकाऊ विकास और वैश्विक पर्यावरण मानकों को अपना रहे हैं। उन्होंने वीओसी बंदरगाह प्राधिकरण की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि देश का समुद्री क्षेत्र एक 'अभूतपूर्व बदलाव' के दौर से गुजर रहा है, जो न केवल वाणिज्यिक बल्कि पर्यावरणीय नेतृत्व के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर पोत परिवहन सचिव टी के रामचंद्रन ने कहा कि भारत को हरित हाइड्रोजन और संबंधित प्रौद्योगिकी को अपनाने का अनुभव विकसित करना चाहिए ताकि आने वाले दशक में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई जा सके। वीओसी बंदरगाह के चेयरमैन सुशांत कुमार पुरोहित ने कहा, हम भारत के समुद्री भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता बढ़ाने, सहयोग को प्रोत्साहित करने और गति बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। पर्यावरण अनुकूल उपाय हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन विजय कुमार ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारत के समुद्री क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल उपायों को प्राथमिकता देना समय की मांग है।

## न्यूज अपडेट

### सोना 400 रुपये टूटकर 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,500 रुपये लुढ़की

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 300 रुपये गिरकर 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा, जबकि पिछले सत्र में यह 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नरमी के चलते सोने में गिरावट रही। उन बाजारों में इसकी कीमत 3,290 डॉलर प्रति औंस के आसपास थी।'

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर बढ़कर 698.1 अरब डॉलर

**मुंबई :** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 2.703 अरब डॉलर बढ़कर 698.192 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.183 अरब डॉलर घटकर 695.489 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.316 अरब डॉलर बढ़कर 588.926 अरब डॉलर हो गया। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.206 करोड़ डॉलर बढ़कर 85.704 अरब डॉलर हो गया। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.6 अरब डॉलर बढ़कर 18.809 अरब डॉलर हो गया।

### टेस्ला का पहला चार्जिंग स्टेशन अगले सप्ताह

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला अगले हफ्ते मुंबई में अपना पहला चार्जिंग स्टेशन शुरू करेगी। पिछले महीने भारतीय बाजार में अपने बहुप्रतीक्षित प्रवेश की घोषणा करने वाली कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में पहले टेस्ला चार्जिंग स्टेशन में चार वी4 सुपरचार्जिंग स्टॉल (डीसी चार्जिंग) और चार डेस्टिनेशन चार्जिंग स्टॉल (एसी चार्जिंग) होंगे। टेस्ला ने एक बयान में कहा कि सुपरचार्जिंग स्टॉल 250 किलोवाट की अधिकतम चार्जिंग स्पीड 24 रुपये प्रति किलोवाट से शुरू करते हैं, जबकि डेस्टिनेशन चार्जर 14 रुपये प्रति किलोवाट पर 11 किलोवाट की चार्जिंग स्पीड प्रदान करते हैं। कंपनी ने कहा, यह मुंबई में पेशकश के दौरान घोषित आठ सुपरचार्जिंग स्टॉल में से पहला होगा। देश भर में और भी स्टॉल लगाने की योजना है, ताकि बेहतरीन क्रॉस-कंट्री अनुभव प्रदान किया जा सके। पिछले महीने, टेस्ला ने 59.89 लाख रुपये की शुरुआती कीमत के साथ अपना मॉडल वाई पेश किया, जबकि मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में मेकर मैक्सिटी वाणिज्यिक परिसर में अपना पहला अनुभव केंद्र खोला।

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री जुलाई में 31 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली : रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री जुलाई में 31 प्रतिशत बढ़कर 88,045 इकाई हो गई। यह एक साल पहले इसी महीने 67,265 इकाई रही थी। रॉयल एनफील्ड ने शुक्रवार को बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 76,254 इकाई रही जो जुलाई 2024 की 61,208 इकाई से 25 प्रतिशत अधिक है। निर्यात पिछले महीने 95 प्रतिशत बढ़कर 11,791 इकाई हो गया, जबकि पिछले साल जुलाई में यह 6,057 इकाई था। रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. गोविंदराजन ने कहा, 'नई 'हंटर 350' को भारत और वैश्विक बाजारों में शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।'

## यात्री वाहनों की बिक्री की रफ्तार जुलाई में सुस्त पड़ी, अधिकांश कंपनियों के आंकड़े घटे



**नयी दिल्ली :** घरेलू बाजार में वाहनों की मांग नरम रहने के बीच जुलाई के दौरान मारुति सुजुकी इंडिया की थोक बिक्री में मामूली तेजी रही जबकि टाटा मोटर्स और हुंदै मोटर इंडिया की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पिछले महीने वाहनों की आपूर्ति में सालाना आधार पर दहाई अंक और किआ इंडिया ने इकाई अंकों में वृद्धि दर्ज की। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जुलाई में कुल 1,37,776 यात्री वाहनों की थोक बिक्री की, जो एक साल पहले की समान अवधि में बिके 1,37,463 इकाइयों की तुलना में मामूली रूप से अधिक है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि आल्टो एवं एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री घटकर 6,822 इकाई रह गई जबकि जुलाई, 2024 में इसने 9,960 वाहन बेचे थे। हालांकि कंपनी के बलेनो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट मॉडलों की बिक्री एक साल पहले की 58,682 इकाइयों से बढ़कर 65,667 इकाई हो गई। ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, अर्टिगा और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 52,773 इकाई रही, जो पिछले साल की 56,302 इकाई बिक्री से छह प्रतिशत कम है। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (सेवा) पार्थो बनर्जी ने थोक बिक्री के आंकड़ों पर एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सभी मॉडलों में छह एयरबैग शामिल करने से लागत में वृद्धि से कुछ चुनौतियां आई हैं। बनर्जी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री वृद्धि पिछले साल के लगभग 10 प्रतिशत की तुलना में घटकर दो-तीन प्रतिशत रह गई है।

### एप्पल ने भारत सहित 24 से अधिक बाजारों में रिकॉर्ड राजस्व किया हासिल

**नयी दिल्ली :** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने अप्रैल-जून तिमाही में भारत सहित 24 से अधिक बाजारों में रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया, जो बाजार की उम्मीदों से अधिक है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने हालांकि शुल्क के कारण उत्पन्न स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की और सितंबर तिमाही में शुल्क से करीब 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का भार बढ़ने का अनुमान लगाया है। कुक ने इस वर्ष के अंत में भारत और संयुक्त अरब अमीरात में नए बिक्री केंद्र खोलने की योजना की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी ने हर भौगोलिक क्षेत्र में आईफोन की वृद्धि देखी है तथा भारत, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और ब्राजील सहित उभरते बाजारों में दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की। कुक ने कहा, 'हमने दुनिया के अधिकतर बाजारों में वृद्धि में तेजी देखी है।

## बीएसएनएल ने एक रुपये में एक महीने की वैधता वाला 4जी 'प्लान' पेश किया




**नयी दिल्ली :** सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने शुक्रवार को ज्यादा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए एक महीने की वैधता के साथ एक रुपये में 4जी सेवा 'प्लान' पेश की। कंपनी ने हाल में पूरे भारत में अपने 4जी नेटवर्क की तैनाती पूरी की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने आज अपना बहुप्रतीक्षित 'फ्रीडम प्लान' प्लान पेश किया। यह एक सीमित अवधि के लिए एक रुपये की पेशकश है, जिसके तहत उपयोगकर्ता पूरे एक महीने तक बीएसएनएल की 4जी मोबाइल सेवाओं का परीक्षण कर सकते हैं।'' बयान में कहा गया कि यह पहल बीएसएनएल द्वारा भारत के स्वतंत्रता दिवस के उत्सव का प्रतीक है और इसके जरिये नागरिकों को भारत की स्वदेशी रूप से विकसित 4जी तकनीक का निः शुल्क अनुभव किया जा सकता है। इस प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉल (लोकल/एसटीडी), प्रतिदिन दो जीबी तेज गति वाला डेटा, प्रतिदिन 100 एसएमएस और एक मुफ्त बीएसएनएल सिम शामिल है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3315 अंक 125, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in